
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 123 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार



हमें उस धन से कोई मतलब नहीं, जो हमारे सुखमय जीवन को दुखमय बना दे।
We have no concern with such a wealth which turns our joyful life into sorrowful one.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, नई औद्योगिक नीति को लेकर हुआ बड़ा फैसला

### बैठक में प्रदेश के विकास, चुनावों, औद्योगिक प्रोत्साहन और जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए गए



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज सोमवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के विकास, चुनावों, औद्योगिक प्रोत्साहन और जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए स्वीकृत शासकीय प्रत्याभूति राशि (14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता अवधि को एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2025 तक पुनवैधिकरण करने का निर्णय लिया है। त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रथम प्रतिवेदन एवं अनुशंसा अनुसार आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत स्थानीय निकायों में आरक्षण को एकमुश्त सीमा 25 प्रतिशत को शिथिल कर अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत आरक्षण की अधिकतम सीमा तक आरक्षण प्रदान किया जाएगा। ऐसे निकाय जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण कुल मिलाकर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण उस निकाय में शून्य होगा। यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण निकाय में 50 प्रतिशत से कम है, तो उस निकाय में अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा तक अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण होगा, परंतु यह आरक्षण उस निकाय की अन्य पिछड़ा वर्ग के आबादी से अधिक नहीं होगा। निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होते हैं जैसे जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष इत्यादि, उन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर उपरोक्त सिद्धांत का पालन करते हुए आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी।मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षक (पंचायत) संवर्ग के 97 शिक्षकों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किये जाने का अनुमोदन किया गया। शेष शिक्षक (पंचायत) के प्रकरणों पर पंचायत विभाग से पात्रता की अनुशंसा प्राप्त होने पर संविलियन करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों को वर्ष 2007 से वर्ष 2019 तक प्रथम मतांकन के आधार पर प्रथम व द्वितीय समयमान वेतनमान स्वीकृत करने के लिए मात्र एक बार की छूट देने का मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-29 के प्रारूप एवं प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह नई औद्योगिक विकास नीति 01 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2029 तक प्रभावशील रहेगी। इस नीति में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रावधान किए गए हैं, इस नीति से प्रदेश में औद्योगिक विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। नई औद्योगिक नीति में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 में एमएसएमईडी एक्ट-2006 में सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्योगों की परिभाषा में किए गए संशोधन को अपनाया गया है और राज्य में संतुलित विकास के लिए औद्योगिक विकास प्रोत्साहन प्रदान करने का विशेष प्रावधान किया गया है। नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना, विस्तारीकरण/ विविधीकरण, प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्यो के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। राज्य के सभी क्षेत्रों में सर्वागींण औद्योगिक विकास के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी जिलों के विकासखण्डों को तीन क्षेणियों में विभाजित करके दिए जाने वाले औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की मात्रा का निर्धारण भी किया जाएगा। नई औद्योगिक विकास नीति में कोर सेक्टर के उत्पादों जैसे स्टील, सीमेंट, ताप विद्युत एवं एल्यूमिनियम के लिए पृथक प्रावधान तथा राज्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर थ्रस्ट एवं सामान्य उद्योगों में विभाजित किया गया है। -शेष पेज 5 पर

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से मिली जिले को बड़ी सौगात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से जशपुर जिले में लगातार आवागमन की सुगमता के लिए सड़क निर्माण के लिए पहल की जा रही है। सीएम साय की पहल पर जिले के तीन प्रमुख सड़कों के विकास के लिए 194.84 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, यह कदम जिले में आवागमन की सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। गौरतलब है की केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़कों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए की मंजूरी दी है। इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जायेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल से जिले के विकास में तेजी आई है। बेहतर सड़कों से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा, और स्थानीय निवासियों को भी लाभ होगा।

## पीएम नरेन्द्र मोदी व पेड्रो सांचेज ने वडोदरा में सी-295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

### सी-295 विमान फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाती है : प्रधानमंत्री



**दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री श्री पेड्रो सांचेज ने आज गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सी-295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्पेन के प्रधानमंत्री श्री पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है और आज दोनों देशों के बीच साझेदारी को नई दिशा मिल रही है। सी-295 विमान निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे न केवल दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को भी गति मिलेगी। श्री मोदी ने इस अवसर पर एयरबस और टाटा की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने स्वर्गीय श्री रतन टाटा जी को भी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सी-295 विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश में किसी भी परियोजना की अवधारणा से लेकर क्रियान्वयन तक भारत की गति यहां देखी जा सकती है। अक्टूबर 2022 में कारखाने के शिलान्यास को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संयंत्र अब सी-295 विमानों के उत्पादन के लिए तैयार है। परियोजनाओं की योजना बनाने और उनके क्रियान्वयन में होने वाली बेहिसाब देरी को खत्म करने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में वडोदरा में बॉम्बार्डियर ट्रेन कोच निर्माण संयंत्र की स्थापना को याद किया। उन्होंने कहा कि यह कारखाना उत्पादन के लिए रिकॉर्ड समय म् तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि इस कारखाने में बने मेट्रो कोच आज दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि आज उद्घाटन किए गए नए संयंत्र में बने विमानों का भी निर्यात किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा



**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के मौके पर बड़ा उपहार दिया है। उनका चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा दिया गया है। अब राज्य के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2024 से मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को वर्तमान में 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था। पूर्व में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में हुई बढ़ोतरी की राशि का एरियर के तौर पर भुगतान किया गया था। अब सभी शासकीय कर्मचारियों को 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत मिलेगा।

## बहुप्रतीक्षित एसआई भर्ती का परिणाम जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती के फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए अब आखिरकार खुशखबरी आ गई है। सरकार ने दिवाली से पहले एसआई भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। 959 पदों पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है। दरअसल, 2018 में सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर अंगुल चिन्ह, सब इंस्पेक्टर प्रश्नाधीन दस्तावेज, सब इंस्पेक्टर रेडियो के 655 पदों पर वैकेंसी निकाली थी। इस बीच सरकार बदल गई और राज्य में कांग्रेस की सरकार आ गई। इस बीच भर्ती परीक्षा स्थगित रही अभ्यर्थियों के आंदोलन के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पद बढ़ाकर 975 पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली। 2021 में निकली भर्ती के लिए 29 जनवरी 2023 को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित हुई। अब आखिरकार सरकार ने रिजल्ट जारी कर दिया है।







दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### वीर जनशक्ति पार्टी से सूर्यकांत जैन ने कोलाबा से नामांकन किया




**मुम्बई ( विश्व परिवार )।** वीर जन शक्ति पार्टी के प्रत्याशी श्री सूर्यकांत जैन के द्वारा आज कोलाबा, मुंबई में विधान सभा चुनाव के लिए कलेक्टर कार्यालय मे अपना नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन के समय श्री महेंद्र तुरखिया, श्री दिगंत शर्मा, डॉ. मणीन्द्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर जनशक्ति पार्टी तथा भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रायपुर मंडल में 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन




**मुम्बई ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंड़ल में रेलवे के प्रतिदिन के कार्यकलापों में पारदर्शिता को बरकरार रखने एवं रेल उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक किया जा रहा है। इसी कड़ी मे आज दिनांक 28.10.2024 को अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई जिसमे सदैव ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देने जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करने, ना रिश्वत लेने और ना ही रिश्वत देने, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करने, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाने की बात कही ताकि भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत बने। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बलरामपुर हिंसा को लेकर सियासत तेज़, कांग्रेस ने ली प्रदेशभर में प्रेसवार्ता




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बलरामपुर में पुलिस हिरासत में युवक की संदिग्ध मौत पर छत्तीसगढ़ में सियासी भूचाल जारी है। ज्ञात हो की कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रेसवार्ता कर मौजूदा सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस की तरफ से पीसीसी चीफ दीपक बैज ने मोर्चा संभाला और सरकार पर कई सवाल दागे हैं. कांग्रेस ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाया है। कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न जिलों में प्रेसवार्ता कर सरकार को मौजूदा बीजेपी बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेस ने प्रदेश में इस तरह की घटनाओं को लेकर सीएम विष्णुदेव साय का इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस की तरफ से प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा को भी बर्खास्त करने की मांग की गई है। ज्ञात हो शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पीड़ितों से मुलाकात की थी। इसके दूसरे दिन रविवार को बैज ने प्रदेश में प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है। दीपावली के बाद 3 नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को राजधानी में पत्रकारवार्ता में भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। बैज ने दावा किया है कि बलरामपुर में युवक गुरुचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में पुलिस कस्टडी में गुरुचरण की मौत के बाद आज पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी परजनों से मुलाकात करने पहुंचे। उनके साथ पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम भी मौजूद रहे।

## एएम/एनएस इंडिया द्वारा पटेलपारा-किरंदुल में सौर जलापूर्ति प्रणाली का शुभारंभ, ग्रामीणों को मिलेगी 24×7 स्वच्छ पेयजल सुविधा

**एएम/एनएस इंडिया के प्रोजेक्ट तृप्ति के तहत, अब 200 से अधिक परिवारों को मिलेगा सुरक्षित और शुद्ध पेयजल**



**दंतेवाड़ा ( विश्व परिवार )।** एएम/एनएस इंडिया द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत दंतेवाड़ा के पटेलपारा किरंदुल बस्ती में सौर जलापूर्ति प्रणाली का उद्घाटन द्वाटन जीएम राघवुलु सर और वार्ड प्रतिनिधि राजू कुंजम द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। प्रोजेक्ट 'तृप्ति' के अंतर्गत बनाई गई इस सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली द्वारा गांव के 200 से अधिक निवासियों को 24म7 सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

सौर ऊर्जा से चलने वाली यह प्रणाली पारंपरिक हैंडपंपों की तुलना में अधिक प्रभावी है। यह जल प्रणाली, जमीन के नीचे से पानी को पंप करने की क्षमता रखती है, जिससे गिरते जल स्तर की समस्या और मौसम की घटनाओं के प्रभाव को कम किया जा सकेगा। यह प्रणाली न केवल 24म7 सुरक्षित और शुद्ध पेयजल प्रदान करेगी, बल्कि यह क्षेत्र में स्वास्थ्य, विकास, सुरक्षा और आजीविका को भी बढ़ावा देगी। उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले ग्रामीणों ने इस नई पहल का स्वागत किया और एएम/एनएस इंडिया का धन्यवाद किया।

एएम/एनएस इंडिया, भारतीय स्टील उद्योग की एक प्रमुख कंपनी है, जो स्थायी विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्ध है। कंपनी न केवल औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए जानी जाती है, बल्कि यह सामुदायिक विकास में भी निरन्तर अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रही है।

## 67 वर्षों से विश्वास की कसौटी पर खरा 'अनोपचंद तिलोक चंद ज्वेलर्स'



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** माध्यभारत का सबसे प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड 'एटी' अपनी उत्कृष्ट ज्वेलरी के लिए एक प्रख्यात नाम है। चाहे चांदी के गहने, गिफ्ट आयटम, एंटीक या फिर लाइट - हैवी वेट गोल्ड ज्वेलरी या फिर डायमंड ज्वेलरी, पोलकी, रजवाडा ज्वेलरी ही क्यूँ न हो एटी की हर एक ज्वेलरी यूनिक डिजाइन, सूक्ष्म कारीगरी, वाजिब मूल्य को प्रगट करती हैं।

'एटी' के रायपुर में तीन शो रूम संचालित है कोतवाली चौक, सदर बाजार और न्यू क्लाथ मार्केट पंडरी उपरोक्त जानकारी देते हुए तिलोक बरडिया, शांतिलाल बरडिया, अशोक बरडिया बताया कि 67 वर्षो से वे सराफा व्यवसाय में लगे हुए हैं। ग्राहकों की हर वो पसंद को जानते हैं उसी अनुरूप वे अपने ज्वेलरी कारखाने में हुनरमंद ज्वेलरी डिजाइनर के द्वारा की गई विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिजाइन तैयार करते हैं जो कि अपने आप में यूनिक हो। हर शुभ अवसरों के अलावा वैवाहिक ज्वेलरी की डिजाइने शो रूम में उपलब्ध हैं श्री बरडिया ने बताया कि वे अपने ग्राहकों की पसंद और उनके बजट को ध्यान में रखते हुए ज्वेलरी का निर्माण रायपुर, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता के अपने कारखाने में कराते हैं जो कि कैडमियम के टांके और हॉलमार्क की सत्यता को प्रमाणित होने के बाद ही शो रूम में बिक्री के लिए उपलब्ध होती है। ग्राहकों को जरूरत अनुसार ज्वेलरी रिपेयरिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। एटी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्वेलरी वैल्यूर, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ज्वेलरी प्रस्तुत कर बेस्ट ज्वेलरी डिजाइन के ज्वैलर्स गिल्ड अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है। इस पुष्य नक्षत्र, धनतेरस पर ज्वेलरी की हज़ारों डिजाइन इनके तीनों शो रूम में देखने मिलेगी जो अन्य कहीं देखने को शायद ही मिले।

## कलेक्टर ने बाजार जाकर खरीदें मिट्टी की दीये, कुम्हारों का बढ़ाया उत्साह



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सभी जिला वासियों को धनतेरस सहित दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं संदेश दिए है। उन्होंने आज इस मौके पर उन्होंने स्थानीय बाजार में पहुंचकर कुम्हारों से मिट्टी के दिये एवं ग्वालिन खरीद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आस पास के बिक्री करने वाले कुम्हार परिवारों से हाल चाल का जायजा लेते हुए व्यापार के संबंध में जानकारी हासिल किया। बलौदाबाजार निवासी कृष्णा पांडे ने कलेक्टर को बताया कि दिये की बिक्री अच्छी हो रही है। नगर पालिका के द्वारा भी किसी प्रकार का टेक्स नहीं लिया जा रहा है। मिट्टी के बर्तन बनाने के बहुत समय से इलेक्ट्रॉनिक चाक नहीं मिलने की बात बताई गई जिस पर कलेक्टर ने कहा कि हम कुम्हारों को माटी कला बोर्ड के माध्यम से जिले के कुम्हारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक देने की तैयारी कर रहे है। इसके लिए आवश्यक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस मौके पर उन्होंने जिले वासियों से कहा दीपावली देश के बड़े त्यौहार में से है।

### कार्यालय नगर पंचायत कूंरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

e-mail - npkunra2016@gmail.com

क्र./830/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 — कूंरा, दिनांक 28.10.2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लो.नि.वि. एस.ओ.आर. 01.01.2015 (भवन) (सडक) से अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 18.11.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा निविदा आंमत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि व समय — 11.11.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि व समय — 12.11.2024 अपरान्ह 5:00 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की तिथि व समय — 18.11.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय — 19.11.2024 कार्यालयीन समय तक

| संक्र | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) NON SOR | अमानत राशि (रूपये में) | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्रं. 09 में अटल चौक में हाई मास्ट सह तिरंगा स्थापना कार्य | 18.95 | 14300/- | "B" | 750 /- | 04 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथी 12.11.2024 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय से अथवा विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

नगर पालिका मुख्य अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./15541/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 28-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15541
वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00165** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJKUMARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA DAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **इन्द्र ओझा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. द्वारका दास ओझा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./15532/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 28-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15532
वार्ड का नाम-64-विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656C00138** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHIV KUMR HUMNE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM KUMAR HUMNE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सत्यभामा हुमने** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व० शिव कुमार हुमने** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक-09 मोवा थाना के पीछे स्थित, सामुदायिक भवन

465/न.पा.नि./ जोन क्र. 09/2024- — रायपुर, दिनांक 28/10/2024

**।। प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक - 9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा निमयानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 18.11.2024 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में संध्या 5:30 तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 06.11.2024 को संख्या 5:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर, निविदा प्रपत्र प्राप्त कर लिये जा सकेगें । दिनांक 12.11.2024 को संख्या 5:00 बजे तक निविदा प्रपत्र जारी होगे। प्राप्त निविदायें अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

| क्र | मद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (रूपये में) | अमनात राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र प्रारूप | समयावधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य मद | जोन कार्यालय हेतु 03 उच्च कुशल श्रमिक एवं 07 अकुशल श्रमिक कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य | 1613004.00 | 17000.00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |
| 2 | सामान्य मद | जोन कार्यालय हेतु जल संसाधन विभाग में 10 अकुशल श्रमिक कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य | 1520520.00 | 16000.00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |
| 3 | सामान्य मद | जोन कार्यालय हेतु 06 उच्च कुशल श्रमिक कम्प्यूटर ऑपरेटर कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का काय | 1097280.00 | 11000.00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |
| 4 | सामान्य मद | जोन कार्यालय हेतु 02 उच्च कुशल श्रमिक एवं 08 अकुशल श्रमिक (नगर निवेश) कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य | 1582176.00 | 16000.00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |
| 5 | सामान्य मद | जोन कार्यालय हेतु फुण्डहर गौठान हेतु 02 अकुशल श्रमिक (02 सिक्योरिटी) कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य | 304104.00 | 4000.00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |
| 6 | सामान्य मद | जोन कार्यालय हेतु 06 अकुशल श्रमिक कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य | 912312.00 | 10000,00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |
| 7 | सामान्य मद | जोन अंतर्गत वर्किंग वूमेन हॉस्टल फुण्डर में 05 अकुशल श्रमिक कलेक्टर महोदय के निर्धारित दर पर प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने का कार्य | 760260.00 | 8000.00 | 750.00 | B | 12 माह | श्रम आयुक्त कार्यालय ई. पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत |

1 कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 09, से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2 प्लेसमेंट कार्य हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
3 लिफाफा (4) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4 लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
5 (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफे (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा। सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा, जिसमें अमानती राशि का एफ.डी. आर. एवं अन्य चाही
6 गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' 'ब' एवं 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
7 निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।
8 बैंक साल्वेशी, अंतिम 03 वर्ष का आई.टी.आर. पेनकार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशम एवं अंतिम 03 माह का जी.एस.टी आर्य
9 अमानती राशि का एफ.डी.आर. शपथपत्र (रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ) प्रेषित करना अनिवार्य होगा। 9 03 वर्ष के आयकर की बाध्यता नये फर्मों के लिए बंधनकारी नहीं होगी।
10. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, रायपुर के पास सुरक्षित है।
11 ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्त अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक - 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223

Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर रायपुर, में स्थित वाणिज्यिक शॉप एवं स्टूडियो अपार्टमेंट में स्टूडियो अपार्टमेंट फ्लैट **क्रमांक-216 एस.एन. इन्फ्रास्टेट प्रा.लि. डॉयरेक्टर श्री नवीन गोयल पिता स्व. श्री आर. सी. गोयल** के नाम से ऑफर आधार पर आबंटन किया गया है। आबंटी द्वारा अपने पक्ष मे दिनांक 05.10.2023 को सेलडीड पंजीकृत कराने के उपरांत पूर्ण मूल्य जमा कर उक्त फ्लैट का इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5360 दिनांक 13.10.2023 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **एस.एन. इन्फ्रास्टेट प्रा.लि. डॉयरेक्टर श्री नवीन गोयल पिता स्व. श्री आर.सी. गोयल निवासी राजीव नगर, शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )** उक्त फ्लैट को **श्री मनीष प्रजापति पिता श्री बाबुलाल प्रजापति, निवासी-श्रीराम नगर फेस-2, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. )** को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधेहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कोटा कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक जनता-117 गुढियारी **1. श्री सगुनी पासवान पिता स्व. श्री श्रीराम पासवान 2. श्रीमती चन्द्रकला देवी पति श्री सगुनी पासवान** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित्त किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 22.06.2000 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के दान हेतु दिनांक 14.10.2024 को निष्पादित दान इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री सिद्धार्थ कुमार पासवान पिता श्री सगुनी पासवान** के नाम से दान करने के लिए दान अनुमति की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के दान के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा टाटीबंध कॉलोनी रायपुर में निर्मित **जनता** भवन योजना के अंतर्गत भवनो में से भवन क्रमांक **जनता - 20, श्री कश्मीर सिंह केहरा पिता श्री दर्शन सिंह** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 04.09.2003 को विक्रय विलेख हेतु निष्पादित कर लिया गया है।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06.09.2024 का निष्पादित विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती मनप्रीत कौर पति श्री जजबीर सिंह** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें । अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./15510/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 28-10-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 15510
वार्ड का नाम-57-पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **57** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447D00206** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTRAM DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LOKUMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 हरीश जेठानी पिता लोकुमल जेठानी 2 सोनिया नागदेव पति किशन नागदेव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## जशपुर जिले में 24 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं को मिला योगाभ्यास का लाभ



**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन द्वारा जशपुर जिले में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ योग आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय योग मित्रों, प्रशिक्षकों की समीक्षा बैठक व जशपुर मंगल भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग मित्रों (प्रशिक्षको) की समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें जशपुर जिले में संचालित 50 हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटरो के योग मित्रों को प्रशिक्षण तथा समीक्षा भी किया गया। योग मित्रों ने अपने अपने हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटरो में गर्भवती महिलाओं को उनके तिमाही अनुसार से योगाभ्यास कराते हैं तथा गर्भवती महिलाओं के घरों में भी जाकर गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास कराते है तथा योग मित्रों ने आंगनबाड़ी केन्द्रो स्कूलों टिकाकरण में सहयोग किया जा रहा है। बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को योगाभ्यास कराते है। जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित परियोजना जशपुर जिले में चलते हुए 17 माह पूर्ण हो गया है। 17 माह में इस परियोजना से बहुत ही अच्छा परिणाम सामने आया है। इस परियोजना के तहत अभी तक कुल 24380 गर्भवती महिलाओं को पंजीकृत कर योगाभ्यास का लाभ दिया जा चुका है तथा 4704 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत है। इस परियोजना को जिला योग समन्वयक श्री अशोक कुमार यादव जी के द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग किया जाता है। तथा योग प्रशिक्षकों को जिला योग समन्वयक द्वारा बराबर मार्गदर्शन भी मिलते रहता है। तथा समय-समय पर सभी योग मित्रों को छत्तीसगढ़ योग आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन जशपुर द्वारा समीक्षा बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस प्रशिक्षण व समीक्षा बैठक का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकार श्री डॉ.जी.एस. जात्रा, डीपीएम श्री गनपत कुमार नायक, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री तिलकेश प्रसाद भावे, यूनिसेफ से डॉ. इंपना बीलगी, आई.आई.टी. बाम्बे से श्री संदीप घुसले, छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर से श्री रविकांत कुम्भकार (परिवीक्षा अधिकारी), राज्य परियोजना समन्वयक श्रीमती ज्योति साहू, योग प्रशिक्षक रश्मी पटेल, तथा जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव ने विशेष रूप से उपस्थित थे तथा कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किया गया।

## सरकार के कोष पर डाका डाल रही निजी कंपनी

### शराब दुकानों में सीमित कर्मी लेकिन भुगतान लिया जा रहा ज्यादा के लिए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कार्पोरेट सेक्टर के साथ-साथ सरकारी क्षेत्र में भी कई प्रकार के काम आउटसोर्सिंग से कराए जा रहे हैं। खर्चे बचाने के साथ सीमित लोगों को रोजगार दिए जाने की मंशा इस स्कीम में है। लेकिन भुगतान आखिरकार सरकार से लेकर ही करना है। आबकारी विभाग के अंतर्गत शराब दुकानों को संचालित करने के लिए पिछले दरवाजे से भरे गए कर्मियों के मामले में प्लेसमेंट एजेंसी सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ सरकार को हर महीने लाखों की चपत लगा रही है। संभव है कि प्रकरण जांच एजेंसियों के संज्ञान में आता है तो इस घोटाले में नए खुलासे हो सकते हैं। प्रदेश के सभी जिलों में प्लेसमेंट के जरिए ही शराब दुकानों के संचालन के लिए सुरक्षा कर्मी सहित अन्य स्टाफ की भर्ती इस वित्त वर्ष में की गई। कर्मियों को निश्चित वेतन देना तय किया गया। कोरबा जिले में देशी-विदेशी शराब की 42 दुकानों के संचालन हेतु विभाग ने विज्ञापन निकाला लेकिन अन्य प्रक्रियाएं दूसरे स्तर पर हुए। खबर के अनुसार दूसरे प्रदेश से वास्ता रखने वाली ग्लोबल एजेंसी ने इस काम में रूचि दिखाई और कोरबा सहित कुछ जिलों का कामधाम हथिया लिया। एसईसीएल, सीएसईबी आदि कंपनियों में सिक्यूरेटी एजेंसी जिस तरह का गोलमाल नियोजन (वास्तविक कर्मियों से कहीं ज्यादा) को लेकर करती रही है। वही तरीका शराब दुकानों के संचालन को लेकर अपनाया गया। सूत्रों ने बताया कि गिनती के कर्मी एक-एक दुकान को चलाने के लिए रखे गए हैं लेकिन कागजों में दिखाया जा रहा है कि अधिक कर्मी यहां नियोजित किए गए हैं। बकायदा इन सभी के लिए बायोमेट्रिक्स की व्यवस्था की गई है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इतने लोगों से काम लिया जा रहा है। इनमें से कुछ ही कर्मियों को पूरा वेतन की पात्रता है जबकि सांठगांठ के तौर पर कंपनी ने जिन कर्मियों को रखा है वे कुछ ही हिस्सा प्राप्त करते हैं जबकि वेतन की काफी राशि कंपनी को उसके भ्रष्टाचार के लिए वापस करनी पड़ती है। यह खेल वित्त वर्ष की शुरुआत से लेकर लगातार चल रहा है। बताया गया कि हाल में ही दो कर्मचारियों के साथ विवाद और इनमें से एक की बाइक को जबरिया ठेकेदार व उसके गुर्गों के द्वारा छीने जाने के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। आगे की परतें खुली तो मालूम चला कि प्लेसमेंट एजेंसी ऐसे अनेक कर्मचारियों के कंधे पर बंदूक रखकर विष्णुदेव के सुशासन को पलीता लगाने में लगी है।

## नवपदस्थ कलेक्टर एस.जयवर्धन ने किया पदभार ग्रहण





### कलेक्ट्रेट में लगने वाले विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- जिले के नवपदस्थ कलेक्टर एस.जयवर्धन, भारतीय प्रशासनिक सेवा. 2014 ने सूरजपुर जिले की संभाली कमान। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में लगने वाले विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिसके तहत न्यायालय कलेक्टर, वरिष्ठ लिपिक शाखा, भू-अभिलेख शाखा,शिक्षा, खाद्य, महिला एवं बाल विकास व जनसंपर्क कार्यालय इत्यादि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। शासन के नवीनतम स्थानांतरण आदेश के तहत कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन का स्थानांतरण जिला-मोहला मानपुर-अम्बागढ़ चौकी से जिला-सूरजपुर हुआ है।

## एसईसीएल की धड़कन योजनाः हृदय रोग पीड़ित 20 बच्चों का हुआ उपचार



**कोरबा(विश्व परिवार)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की सीएसआर पहल एसईसीएल की धडकन के तहत 20 बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी है। इस उपलक्ष्य में 25 अक्टूबर को रायपुर में डिस्चार्ज हो रहे बच्चों के लिए श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल में गिफ्ट ऑफलाइफकार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में एसईसीएल निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सत्य साईं हेल्थ एन्ड एजुकेशन ट्रस्ट के चेयरमैन सी श्रीनिवासन ने की। अपने वक्तव्य में श्री दास ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य हमारे परियोजना प्रभावित क्षेत्रों खासकर ग्रामीण एवं आदिवासी-बाहुल्य क्षेत्रों के उन बच्चों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है, जो हृदय संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं और चिकित्सा का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। इस दौरान श्री दास ने हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर, नियो-नेटल वार्ड में जाकर मरीजों से बातकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने हॉस्पिटल स्टाफ से बात की एवं चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जाना। श्री दास द्वारा हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डिस्चार्ज हो रहे बच्चों को स्नेह भेंट देते हुए बच्चों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। योजना के लाभार्थियों ने कहा कि एसईसीएल की इस योजना से हमारे बच्चों का निशुल्क इलाज संभव हो सका जिसके लिए हम एसईसीएल प्रबंधन के बहुत आभारी हैं।

## कलेक्टर एस. जयवर्धन ने धान उपार्जन के लिए सभी तैयारी पूर्ण करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री नरेंद्र पैकरा, डिप्टी कलेक्टर द्वय श्रीमती शिवानी जायसवाल एवं श्रीमती चांदनी कंवर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने 14 नवंबर से शुरू होने वाले धान उपार्जन की तैयारी को लेकर सभी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। सभी खरीदी केंद्रों में आवश्यक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीकृत किसानों की जानकारी लेते हुए रकबा सत्यापन की कार्यवाही सख्ती से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने धान खरीदी को लेकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करते हुए, उन्हें शासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में सभी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों से तहसील के संबंध में मूलभूत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न तहसीलों में भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा एवं नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आवंटन और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान आदि प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने समस्त पटवारी एवं कोटवारों के साथ निरंतर बैठक करने के भी निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने तहसीलो में कानून व्यवस्था की जानकारी लेते हुए, जिले में कानून व्यवस्था बेहतर करते हुए शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए।

## प्रधान आरक्षक की पत्नी एवं पुत्री की निर्मम हत्या के आरोपी के मकान पर प्रशासन का चला बुलडोजर

### पुलिस एवं प्रशासनिक अमले के बीच हुई कार्रवाई एक करोड़ के मकान ध्वस्त

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- मां बेटी डबल मर्डर के आरोपी की संपत्ति पर प्रशासन का बुलडोजर चला दोहरे हत्याकांड के आरोपी कुलदीप साहू के अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया ।आज सुबह से ही प्रशासन की टीम के द्वारा आरोपी और उसके परिवार के द्वारा विभिन्न जगहों पर किए गए अतिक्रमण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करदी गई।

कुछ दिनों पूर्व नगर पालिका सूरजपुर के द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस चस्पा किया गया था लेकिन स्वत:अतिक्रमण नहीं हटाया गया। प्रशासन ने प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी व बेटी के दोहरे हत्याकांड का नामजद आरोपी कुलदीप साहू की सूरजपुर बस स्टैंड के पीछे व मानपुर स्थित गोदाम व मकान की नापजोख की थी व नोटिस चश्पा किया गया था सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नगर पालिका के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और जिला प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। प्रशासन की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। तमाशाबिन लोगों का कार्यवाही होने तक हुजूम देखने हेतु डटा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक के केंद्रीय सचिव अमर जीत सिंह ने कथित केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह पर धन राशि ग़मन करने का लगाया आरोप

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-साऊथ ईस्टर्न कोयला मजदूर काग्रेंस (इंटक)के क्रेदीय सचिव अमर जीत सिंह ने गोपाल नारायण सिंह कथिथ क्रेदीय अध्यक्ष पर संघ के पैसे का दुरप्रयोग करने ,तानाशाही रवैया अपनाने,चंद्राका हिसाब मांगने पर यूनियन से निष्कासित करने और पैसा लेकर यूनियन मे क्षेत्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति करने का आरोप लगाते हुये अपने को क्रेदीय सचिव पद से प्रृथक करते हुये हुए पंजीयक व्यवसाहिक संघ इन्दावती भवन रायपुर को प्रतिलिपि पत्र प्रेषित करते हुये गोपाल नारायण सिंह पर संघ के चंदे के गमन और संघ के संविधान के विरुद्ध कार्य करने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए अपराधी एंव अनुशासत्मक कार्यवाही की माग की है साथ ही कुसमुंडा क्षेत्र कोरबा मे जनरल कौंसिल सदस्यों की बैठक मे गोपाल नारायण सिंह को क्रेदीय अध्यक्ष पद से हटाकर सम्पत शुक्ला को क्रेदीय अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुना गया है इसलिये गोपाल नारायण सिंह अब एस.ई.के.एम.सी.(इंटक) के सभी पदो से हटा दिये गये साथ ही उन्हें इंटक की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जा चुका गया है अब वे इंटक के लेटर पेड का उपयोग करते है तो उन पर अपराधी कार्यवाही की जावेगी

### बाउंस चेक मामले में युवक को हुई 6 माह कारावास की सजा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में स्थित बैंकों से उधार रकम लेने के बाद उसकी अदायगी के लिए लोगों द्वारा बाउंस चेक दिए जाने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले में बैंक अदालत की शरण लेते हैं जहां से आरोपियों को सजा सुनाई जाती है। ऐसे ही मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की अदालत में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से उधार लेने के बाद बाउंस चेक देने वाले एक युवक को 6 माह कारावास की सजा सुनाई है साथ ही अर्थदंड भी रोपित किया है। जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार नामक एक युवक ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की गेवरा शाखा से जनरल स्टोर संचालन के लिए 21 मार्च 2016 को 25 हजार रुपए का लोन लिया था। नियमानुसार उसे उसकी अदायगी करनी थी लेकिन ऋृण की अदायगी नियमानुसार समय पर नहीं किए जाने की वजह से उसका ऋृण खाता 28 मार्च 2017 से एनपीए की श्रेणी में आ गया। बैंक द्वारा बार-बार निवेदन किए जाने पर उसने अपने ऋृण खाता में जमा किए जाने के लिए परिवादी बैंक को चेक क्रमांक 752711 राशि 33 हजार 271 रुपए प्रदान किया। बैंक द्वारा जब उक्त चेक को आहरण हेतु खाता में जमा किया गया तो युवक के एकाउंट में पर्याप्त राशि नहीं होना दिखाया गया। जिसकी विधिक सूचना बैंक द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी युवक को दिया गया। इसके पश्चात् भी वह रकम चुकाने में असफल रहा। जिस पर बैंक प्रबंधन ने मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा की अदालत में ले जाते हुए वाद दायर कर दिया। जहां मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश पंकज दीक्षित द्वारा युवक को चेक बाउंस मामले में दोषी पाते हुए 6 माह साधारण कारावास एवं 66 हजार रुपए बैंक को अदा करने की सजा सुनाई गई। समय पर बैंक को रकम न लौटाने पर अभियुक्त को तीन महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई। परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक गेवरा शाखा की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता धनेश सिंह द्वारा की गई।

### नमामि हसदेव देव दीपावली पर करेगा दिव्य अनुष्ठान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नदी संरक्षण और समर्थन की भावना से कोरबा में नमामि हसदेव संगठन काफी समय से काम कर रहा है। उसने कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर यहां हसदेव तट पर वृहद अनुष्ठान करना निश्चित किया है। पिछले लगभग एक वर्ष से नमामि हसदेव के द्वारा हर महीने की अमावस्या और पूर्णिमा को हसदेव आरती की जा रही है। इसमें अधिकारियों से लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोग यजमान बनाए गए। इनकी उपस्थिति में शाम 5 बजे से पूजा अर्चना और हवन पूजन आदि कार्य संपन्न किए गए। इसके पश्चात् गंगा तट पर विभिन्न स्थान में होने वाली गंगा आरती के तर्ज पर यहां भी हसदेव की आरती की गई। समय के साथ इसमें लोगों की संख्या बढ़ी। संगठन के प्रमुख रणधीर पांडेय ने बताया कि परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्तिक अमावस्या 31 मई और कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को इस प्रकार का कार्यक्रम हसदेव तट पर संपन्न होगा। इसके लिए संगठन भावनात्मक रूप से अधिकतम लोगों को जोडने की तैयारी में है। श्री पांडेय ने बताया कि नदियां सनातन काल से हिंदुओं की आस्था और श्रद्धा का केंद्र रही है। उनके सामने मौजूद चुनौतियां कुल मिलाकर मानवीय कारणों से है।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय


## आत्म-मंथन का विषय

हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है। तो अब यह चलन इलाज में पहुंच गया। बड़े प्राइवेट अस्पताल अब सर्जरी या बेड की प्राथमिकता मरीजों की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि इस हिसाब से तय कर रहे हैं कि उनमें से कौन ज्यादा पैसा देगा। मतलब यह कि अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हों, तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। इस बारे में आई छपी एक विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ सेक्टर में यह नया चलन देखने को मिल रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ मेडिकल बीमा कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है। खबर है कि बीमा कंपनियां इस सूरत को ध्यान में रख कर पॉलिसी प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। बीमा कंपनियों के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। इलाज खर्च सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वैसे में अस्पताल सर्ज प्राइस के ताजा नियम से इलाज और महंगा बना रहे हैं। नए नियम के कारण इलाज खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। यहां तक कि अब रुटीन इलाज में भी अस्पताल नया नियम लागू करने लगे हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है। जानकारों के मुताबिक अस्पतालों ने सिर्फ सर्ज प्राइस का नया नियम ही लागू नहीं किया है। बल्कि वे कई नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे इलाज महंगा होता रहा है। मसलन, पहले एंजियोप्लास्टी अस्पताल एक पैकेज के रूप में करते थे। इसमें एंजियोग्राम और स्टेंटिंग को एक ही कीमत में शामिल किया जाता था। लेकिन अब कई अस्पताल इसके लिए वे अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं। सार यह कि हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।

# विश्व शांति के लिये भगवान महावीर का अहिंसा संदेश आज भी प्रासंगिक

विजय कुमार जैन राघौगढ म.प्र.

अहिंसा के अवतार युगदृष्टा भगवान महावीर का 2623 वाँ जन्मोत्सव हम चैत्र शुक्ल 13 दिनांक अप्रैल



दिन सोमवार को मनाया हैं। भगवान महावीर का 2550 वाँ निर्वाणोत्सव हमने कार्तिक कृष्णा अमावस्या 14 नवंबर 23 को मनाया है। भगवान महावीर के 2550 वे निर्वाणोत्सव के विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम देश एवं विदेशों में एक वर्ष से मनाते जा रहे हैं। कार्यक्रमों का समापन 01 नवम्बर 24 को 2551 वे निर्वाणोत्सव पर होगा।भगवान महावीर एक युग पुरुष, युग दृष्टा, एक महामानव थे। वे जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर थे। क्षत्रिय राज कुमार होने के बावजूद भी उन्होंने कभी विश्व विजय का सपना नहीं देखा। जिस समय भगवान महावीर का अवतरण हुआ, दुनिया में हिंसा और अत्याचार का बोल बाला था। महाबीर ने विषम परिस्थिति में सच्चा मार्ग दुनिया को दिखलाया। आपने प्राणीमात्र के सुख के लिये ॐजिओ और जीने दोॐ का अमूल्य मंत्र दिया। वर्तमान में भगवान महावीर के 2551 वे निर्वाणोत्सव के अवसर हम पीछे मुड़कर देखें तो पिछले तीन वर्ष पूर्व सारी दुनिया कोरोना से पीड़ित रही है। कहते हैं चीन में आम आदमी ने जहरीले जीव जन्तुओं को अपनी जिव्हा का स्वाद बढ़ाने उनका वेरहमी से भक्षण किया, यह भी आरोप है कि कोरोना महामारी का शुभारंभ सन 2019 में चीन से हुआ, और फिर यह महामारी सारी दुनिया में आग की तरह फैल गई। सभी ओर से आबाज आ रही थी हिंसा और मांसाहार को त्याग कर ही कोरोना जैसी जानलेवा महामारी से बचा जा सकता हैं। इस महामारी से लड़ने भगवान महाबीर का अहिंसा शाकाहार सिद्धांत प्रासंगिक है। शाकाहारी समाज के लिये यह सुखद



संदेश है कोरोना महामारी से पीड़ित दुनिया के लगभग सभी देशों में स्वस्थ्य रहने मांसाहार त्याग कर शाकाहार को स्वीकार किया जा रहा है।

विश्व प्रेम ही भगवान महावीर का दिव्य संदेश है। भगवान महावीर के इसी सिद्धांत को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने जीवन का मूलमंत्र माना था। हमारे भारत की यह नीति है किसी दूसरे देश की भूमि मत हड़पो। सन 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान युद्ध में पश्चिमी पाकिस्तान जीतकर उस पर कव्जा न कर स्वतंत्र बंगलादेश बनाया।

भगवान महावीर का मंगल उपदेश था, पाप से घ्रणा करो, न कि पापी से। उन्होंने विरोधी को कभी विरोध से नहीं वरन सद्भावना एवं शांति से जीता। भगवान महावीर ने दुनिया को अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का पावन संदेश दिया, इस मार्ग पर चलकर उन्होंने सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त किया। उन्होंने अपना कल्याण किया एवं मोक्ष मार्ग बताया। भगवान महावीर ने कहा-आत्मा के चार बड़े शत्रु हैं काम, क्रोध,लोभ और मोह। इनके चक्कर में पड़ा हुआ व्यक्ति जीवन में कभी अच्छे कार्य नहीं कर पाता। स्व कल्याण के लिये इन पर विजय प्राप्त करना बहुत आवश्यक है। विश्व वंदनीय भगवान महावीर के जीवन एवं दर्शन का गहराई से अध्ययन करते हैं तो हम पाते हैं, वे किसी एक जाति या सम्प्रदाय के न होकर सम्पूर्ण मानव समाज की अमूल्य धरोहर हैं। वह सबके थे और सब उनके थे। वह स्वयं क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हुए थे, उनके मुख्य गणधर इन्द्रभूति गौतम ब्राह्मण थे तथा उनकी धर्मसभा ( समवशरण) में सभी धर्मों और जातियों के लोग उनकी दिव्य देशना, मंगल उपदेश सुनने के लिये आते थे। उन्हें केवल जैनों या जैन मंदिरों तक सीमित रखना उनके उद्दात एवं विराट व्यक्तित्व के प्रति अन्याय है वह जैन नहीं जिन थे। इन्द्रियजन्य वासनाओं और मनोजन्य कषायों को जीत लेते हैं,वे कहलाते हैं जिन। किसी का भी कल्याण जैन बनकर नहीं, जिन बनकर ही हो सकता है। भगवान महावीर ने कहा है त्याग व तपस्या से जीवन महान बनता है। श्रावकों को अपने आचरण में अहिंसा तथा जीवन में अपरिग्रह रखना चाहिए।

युग दृष्टा, अहिंसा, करुणा, परोपकार की पावन प्रेरणा देने वाले भगवान महावीर के 2551 वे निर्वाणोत्सव के पुनीत अवसर पर हमे चिंतन करने की आवश्यकता है। वर्तमान में चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध,विश्व में बढ़ रहे अलगाववाद, आतंकवाद, सम्प्रदायवाद, हिंसा की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने भगवान महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक हैं। महावीर के सिद्धांत प्राणीमात्र के लिए हितकारी हैं।आज हम त्याग, सेवा, परोपकार के मार्ग पर चलने के बजाय अपने-अपने स्वार्थों को पूरा करने में लिप्त हो गये हैं। वर्तमान में नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने के स्थान पर उन्हें गुमराह किया जा रहा है, नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर रही है। समाज का नेतृत्व करने बाले ही पतन के मार्ग चलने लगे तो नई पीढ़ी को कैसा आदर्श मिलेगा। क्रांतिकारी जैन संत समाधिस्थ मुनि तरुण सागर जी महाराज ने कड़वे प्रवचन करते हुए कहा था भगवान महावीर को जैन मंदिर की चार दीवारी से बाहर निकाल कर नगर के मुख्य चौराहे पर लाना होगा, तभी जनमानस भगवान महावीर जीवन दर्शन को समझ सकेगा।

दुनिया में सुख शांति की स्थापना करने के लिये हमें हर कीमत पर भगवान महावीर के बताये मार्ग पर चलना होगा। तभी भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत की रक्षा होगी। भारत ने कभी हिंसा में विश्वास नहीं किया। हमारा विश्वास भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर दूसरों की जान लेकर जीने में नहीं वरन अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की रक्षा करने में है। अलगाव वाद,साम्राज्यवाद, तानाशाही से विश्व मुक्त हो इस हेतु भगवान महावीर द्वारा बताये मार्ग का अनुशरण करने में ही हम सबका कल्याण होगा। भगवान महावीर का जन्मोत्सव एवं निर्वाणोत्सव मनाकर हम आज औपचारिकता ही कर रहे हैं। आवश्यकता है उनके द्वारा बताये मार्ग पर चलने की।

भगवान महावीर के उपदेश को निम्न पंक्तियां सार्थक करती हैं:-

मैत्री भाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे,
दीन दुखी जीवों पर मेरे उर से करुणा स्त्रोत वहें।

नोट:- लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष है।

## आलेख

## स्तुति, प्रार्थना, उपासना श्रेष्ठ

अशोक प्रवृद्ध

यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने -अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है। व्यकित के कर्म को ईश्वर अवश्य ही देख रहा है, सुन रहा है। यह बात मानव मन में बैठी हुई है। यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने -अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है। वैदिक मान्यतानुसार परमेश्वर सबकी स्तुतियों, प्रार्थनाओं, याचनाओं को यथार्थ रूप में सुनता है। इसलिए वैदिक ग्रंथों में परमेश्वर को व्यापक, अंतर्यामी यथार्थ श्रोता कहा गया है। जीवात्माओं को तो शरीर, ज्ञानेन्द्रियां, कर्मेन्द्रियां और अन्त्करण चतुष्टय प्राप्त हैं, जिनके माध्यम से जीवात्मा अपना सब व्यवहार सम्पादित करता है, परंतु परमेश्वर को जीवात्मा के समान शरीरादि की आवश्यकता नहीं है। वह तो इन साधनों के बिना सब कार्य बड़ी कुशलता से निष्पादित करता है, क्योंकि वह अशरीरी अर्थात निराकार, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी तथा परमैश्वर्यवान है। वह व्यापक और सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान होने से सब कुछ देखता, सुनता, जानता है। इसके लिए मुण्डकोपनिषद् में एक वचन है- यत्तददृश्यम्। अर्थात- वह अदृश्य, निराकारादि स्वरूप वाला है। यत्तददृश्यम् अर्थात उस ब्रह्मा का ज्ञानेन्द्रियों से ग्रहण नहीं होता, हस्त से पकड़ा नहीं जा सकता, उसका कोई गोत्र वा वर्ण नहीं, वह नेत्र और कर्णरहित है, उसके हाथ और पाँव नहीं, वह नित्य है, व्यापक है, सर्वान्तर्यामी है, सुसूक्ष्म है, नाशरहित है। इससे स्पष्ट है कि परमेश्वर निराकार, चक्षुरादि इन्द्रियरहित होने पर भी सबका दृष्टा, श्रोता है, क्योंकि वह सर्वगत अर्थात सर्वत्र व्याप्त होने से सब कुछ देखता सुनता व जानता है। बृहदारण्यकोपनिषद् में अस्थूलम् अनणु, अचक्षुम्, अश्रोत्रम् आदि विशेषणों से युक्त करते हुए महर्षि याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी गार्गी से उस अक्षर ब्रह्म के विषय अचक्षुकम् का अभिप्राय स्पष्ट करते हैं कि वह अविनाशी, सर्वज्ञ अक्षर ब्रह्मं चक्षुरादि इन्द्रियों से भिन्न होने से अचक्षुकम् कहा है। वह सर्वगत (व्यापक) होने से बिना चक्षु के सब कुछ देखता है। चक्षु का अर्थ स्पष्ट करते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने पंचमहायज्ञ विधि में लिखा है -

एष एवैतेषां प्रकाशकलात् बाह्याभ्यन्तरयो÷।
चक्षु÷ चक्षु÷ सर्वदृक।।

अर्थात- वह परमात्मा बाहर और अन्दर सबका द्रष्टा है।

विश्वतश्चक्षु÷ पद का अर्थ करते हुए महर्षि दयानन्द ने लिखा है -
सर्वस्मिञ्जगति चक्षुर्दर्शनं यस्य स÷।

अर्थात- सब जगत् पर चक्षु-दृष्टि रखने वाला है।

परमेश्वर के कर्तृत्व को समझाते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में श्वेताश्वेतर उपनिषद का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है-

अपाणिपादो जवनोग्रहीता पश्यत्यचक्षु÷ स शृणोत्यकर्ण÷।
स वेत्ति विश्वं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्रं पुरुषं पुराणम्।।
-श्वेताश्वेतर उपनिषद 3/19

अर्थात- परमेश्वर के हाथ नहीं, परन्तु अपने शक्तिरूप हाथ से सब रचन, ग्रहण करता, पग नहीं, परन्तु व्यापक होने से सबसे अधिक वेगवान, चक्षु का गोलक नहीं, परन्तु सबको यथावत देखता, श्रोत्र नहीं तथापि सबकी बात सुनता, अन्त्करण नहीं परन्तु सब जगत को जानता है और उसको अवधि सहित जानने वाला कोई भी नहीं। उसी को सनातन, सबसे श्रेष्ठ, सबमें पूर्ण होने से पुरुष कहते हैं। वह इन्द्रियों और अन्त्करण से होने वाले काम अपने सामर्थ्य से करता है। वैदिक मतानुसार लोगों के दूर अथवा निकट में यथार्थ सत्यासत्य को सुनने वाले विज्ञान स्वरूप अन्तर्यामी जगदीश्वर के क्रियामय यज्ञ संबंधी ज्ञान प्राप्त कराने वाले मंत्रों को अच्छी प्रकार जानकर मनुष्यों को नित्य उच्चारण व चिंतन मनन कर ।

# ममता बैनर्जी के प्रति जो धारणा बदल रही

अजीत द्विवेदी

पश्चिम बंगाल में इतिहास अपने को दोहराता लग रहा है। एक बाद एक हो रही भयावह घटनाएं और राज्य के अलग अलग हिस्सों में स्वंयस्फूर्त हो रहे जन आंदोलन 2011 से पहले के समय की याद दिला रहे हैं। पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के पांव उखड़ने से पहले राज्य के हालात ऐसे ही थे। एक तो ममता बनर्जी ने मुख्य विपक्ष के नाते सरकार की नाक में दम किया हुआ था। नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण और सिंगूर में टाटा की नैनो कार के प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता ने इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया कि साढ़े तीन दशक से सत्ता में बैठा वाम मोर्चा इसे संभाल नहीं सका। नंदीग्राम में 2007 में जो आंदोलन शुरू हुआ उसकी अंत परिणति 2011 में वाम शासन के अंत और ममता बनर्जी की ताजपोशी के रूप में हुई। अब 2026 के विधानसभा चुनाव से दो साल पहले से ठीक वैसे ही हालात बन रहे हैं, जैसे 2007 में थे। ममता बनर्जी के खिलाफ बात बात पर आंदोलन भड़क जा रहा है। फर्क इतना है कि इस बार ममता बनर्जी के सामने उनकी तरह का कोई फायरब्रांड विपक्षी नेता नहीं है। भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है लेकिन उसके पास कोई चेहरा नहीं है। वह तृणमूल कांग्रेस से उधार पर लाए शुभेंदु अधिकारी के दम पर ममता बनर्जी से नहीं लड़ सकती है। भाजपा इस बात को समझ रही है तभी उसने कोई चेहरा आगे नहीं किया है और न यह दिखा रही है कि ममता सरकार के खिलाफ अलग अलग जगहों पर हो रहे आंदोलन के पीछे उसका कोई हाथ है। कई जगह सचमुच भाजपा का हाथ नहीं भी है। लोग खुद से आंदोलित हो रहे हैं और हर छोटा बड़ा प्रदर्शन अंत में सरकार विरोधी बड़े आंदोलन में तब्दील हो रहा है। सबसे अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता के तौर पर ममता बनर्जी धारणा की लड़ाई हार रही हैं। वे नैरटिव लूज कर रही हैं। उन्होंने मां, माटी मानुष' का जो नैरेटिव गढ़ा था वह उनके हाथ से फिसल रहा है। महिलाएं उनकी सरकार से नाराज हैं और उनको कठघरे में खड़ा कर रही हैं। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की घटना के बाद ममता के प्रशासन ने जिस तरह से काम किया उससे ममता के दामन पर बहुत गहरे दाग लगे हैं। उनकी साधारण सफेद सूती साड़ी महिलाओं को भरोसा जगाती थी वह अब नहीं हो रहा है। कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिन तक हड़ताल की और इस दौरान डॉक्टरों से इतर सामान्य महिलाओं ने भी बड़ी तादाद में आकर उनका समर्थन किया। फिर जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे और उनको व्यापक समाज का समर्थन मिला। वे इस बात से आहत हैं कि अस्पतालों में उनके ऊपर बेवजह हमले होते हैं और सरकार कुछ नहीं करती है। वे राज्य में धमकी देने की संस्कृति का समापन चाहते हैं और इसमें भी सरकार कुछ नहीं कर रही है। ममता बनर्जी की सरकार के बारे में यह धारणा बन रही है कि उसने महिला की अस्मिता और जान के ऊपर अपनी सरकार की छवि को प्रमुखता दी और इसलिए छवि बचाने के लिए ममता की पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर के परिजनों को पैसे का ऑफर दिया था। अभी इस घटना का विरोध बंद भी नहीं हुआ था कि दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली इलाके में एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिला, जिसके परिजनों का कहना है कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसके बाद बहुत बेरहमी से हाथ पांव तोड़ कर उसको मार डाला गया। लड़की के लापता होने की शिकायत जब थाने में की गई तो पुलिस वालों ने कोई नोटिस नहीं लिया और बच्ची को तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। तभी उसका शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा भड़का और उन्होंने थाने में आग लगा दी। उससे पहले तोडफ़ोड़ की और पुलिस वालों पर हमला किया। पुलिस वालों को भाग कर जान बचानी पड़ी। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक को भी खदेड़ कर भगा दिया। लोगों ने इस घटना की तुलना आरजी कर अस्पताल की घटना से की और कहा कि दोनों मामलों में ममता बनर्जी की पुलिस का रवैया एक जैसा था। इससे पहले संदेशखाली में जो हुआ वह भी सबको पता है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख की ज्यादतियों के खिलाफ लोग एकजुट हुए और उन्होंने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया। उस मामले में भी ममता बनर्जी की पुलिस ने आरोपी को बचाने का प्रयास किया। संदेशखाली, कोलकाता और दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली की तीन घटनाएं ममता सरकार के बारे में बन रही नकारात्मक धारणा का मुख्य कारण बनी हैं। वैसे और भी कारण होंगे। लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद किसी भी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी पैदा होती है। हालांकि जब भी इस तरह की बात होती है तो तृणमूल समर्थकों का कहना होता है कि लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 29 सीटें जीती हैं। उसने भाजपा से उसकी जीती हुई छह सीटें छीन ली है। इसका मतलब है कि लोग अब भी उसके साथ हैं। लेकिन ध्यान रहे लोकसभा का चुनाव आरजी कर अस्पताल की घटना के पहले हुआ था और दूसरे, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ देश भर में नाराजगी थी, जिसका फायदा ममता बनर्जी को मिला। आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद ममता के प्रति धारणा तेजी से बदली है। जितनी बड़ी संख्या में महिलाएं उनके खिलाफ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरी हैं वह मिसाल है कि चीजें तेजी से बदल रही हैं। ममता के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं और इसके प्रतीक इस साल दुर्गापूजा के पंडालों में भी दिखे।

# माटी की महिमा दर्शाता माटी का दिया

विजय मिश्रा 'अमित

सतयुग से दीपपर्व मनाने की परम्परा आरंभ हुई थी,वह सतत चली आ रही है। कार्तिक माह के पांच दिवसीय महापर्व में क्रमश: धनतेरस, नरक चतुर्दशी,



दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज का त्योहार शामिल है। इस पर्व के दौरान मिट्टी से निर्मित दिया जलाने की प्राचीनतम प्रथा प्रचलित है।कार्तिक अमावस्या की रात सर्वाधिक मात्रा में प्रज्जवलित मिट्टी का छोटा सा दिया मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का बड़ा संदेश देता है।यह सर्वविदित है कि मिट्टी से निर्मित वस्तुओं का जन्मजात नाता मनुष्य से जुड़ा होता है।अत्याधुनिक युग आने के बावजूद मिट्टी से निर्मित सुराही के पानी का स्वाद मंहगे फ्रिज का ठंडा पानी नहीं दे पाता। ग्रीष्म काल के आते ही जैसे मिट्टी से निर्मित मटके की मांग बढ़ जाती है। उसी तरह दीपावली पर्व में मिट्टी के दीये की पूछ परख बढ़ जाती है। इसके बिना दीपावली मनाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती।विविध किस्म के रंग-बिरंगे बिजली चलित झालर और खूबसूरत आकार लिए मोमबत्ती बाजार में उपलब्ध हैं,पर मिट्टी के दीये के बिना इस पर्व की दशा बिन पानी की नदिया जैसी होगी। बालपन की बातें याद आती हैं ,जब दशहरा दिवाली की छुट्टी होती थी तो एक दिन गंवाए बिना ननिहाल के लिए रवाना हो जाते थे। वहां घरों की साफ सफाई, लिपाई पुताई में हम जुट जाते थे।नानी जी मिट्टी के दिये खरीद कर उन्हें पानी में डूबा कर रख देती थीं। वे बताती थी कि दिया अधिक पानी सोख लेगा तो तेल कम सोखेगा।आज उनकी बातें ज्यादा अच्छे ढंग से समझ में आती हैं। वे यह भी कहती थीं कि दूसरों के जीवन को प्रकाशित करने वाले दिया तले अंधेरा ही होता है,किन्तु इससे व्यथित हुए बिना वह अपने जीवन के उद्देश्य को पूरा करने में तल्लीन रहता है। परोपकार की सीख को संचारित करता हुआ दिया सतत दूसरों के लिए जलता है। इंसानों की तरह वह दूसरों से नहीं जलता है। मनुष्य के भीतर सब कुछ बटोर लेने की बढ़ती लिप्सा के बीच बटोरने के बजाय बांटने की सीख नन्हा दिया देता है। दीवाली को कुम्हारों के गर्व,प्रतिभा और प्रतिष्ठा का पर्व भी कह सकते हैं।कुम्हारों की मिट्टी शिल्प कला का शानदार प्रदर्शन दिवाली की रात दीपमालिका बने दीये प्रदर्शित करते हैं। दीये बनाने की कारीगरी में दक्ष कुम्हारों का यह पुश्तैनी धंधा है। मिट्टी के दिए,सुराही,मटके, खिलौने,गमले बनाने के अलावा विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाकर बाजार में बेचना ही उनके जीविकोपार्जन का प्रमुख आधार है। सुखी मिट्टी को बारीक कूट- पीटकर उसे पानी में भिगोना,गुंथना और फिर उससे कोई भी वस्तु बना देना कुम्हारों के लिए खेल की तरह होता है।यद्यपि बदलते वक्त के साथ कुम्हार समुदाय की जिंदगी में भी भारी उलटफेर हुए हैं।बदलाव की बयार ने इनकी जिंदगी से मिट्टी शिल्प कला के रिश्ता को धीरे धीरे तोड़ना भी आरंभ कर दिया है। दरअसल अन्य



सामग्रियों की तरह कुम्हारों के व्यवसाय में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों के दाम आसमान को छू रहे हैं। कोयला,भूसा,माटी, पानी की महगांई के साथ साथ आधुनिक बाजार के बने सस्ते सामानों ने इनके व्यवसाय को बुरी तरह से प्रभावित किया है। पसीना बहाते,रात दिन मेहनत करके बनाए समानों की लागत को ग्राहकों से निकाल पाना इनके लिए बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है,फलस्वरूप अब कुम्हार समुदाय के बहुत से परिवारों ने माटी से नाता तोड़कर अन्य व्यवसाय से नाता जोड़ लिया है।कुम्हार समुदाय का मिट्टी के मोह से परे जाना एक गंभीर चिंता का विषय है। मिट्टी शिल्प कला से दूर होना पर्व,परंपरा,संस्कृति सहित पुश्तैनी धंधे को विलुप्त करने की राह पर ढकेलने जैसा घातक कदम है। साथ ही जड़ से जुड़ने के बजाय टूटने का भयावह संकेत है। मिट्टी का दिया मनुष्य को माटी और उसकी सोंधी सुगंध से जोड़ कर रखता है। जानबूझकर इससे अनजान बना इंसान आधुनिकता की आड़ में पुराने रीति-रिवाजों से दूर होता चला जा रहा है। गांव शहर में तब्दील हो रहे हैं। पवित्र मन का मालिक ग्रामीण भी अब स्वयं को शहरी चकाचौंध तड़क भड़क रंग में रंगकर झूठी शान की चादर ओढ़ने में गर्व का अनुभव कर रहा है। ऐसे संक्रमण काल में मिट्टी का दिया और बिजली चलित झालर के बीच हो रहे संवाद की याद सहज हो आती है,जो कि इस तरह है - दिवाली की रात मिट्टी के दिये और झालर में तू तू मैं मैं की बहस चल रही थी।झालर ने कहा- सुन रे दिया, नए जमाने में तेरी पूछ परख लगातार कम हो रही है। तेरा ठिकाना केवल गांव गरीब की झोपड़ी तक सिमट कर रह गया है। मेरी जगह महलों और गगनछूती इमारतों के बीच में है। यह सुनकर हल्की मुस्कान के साथ दिया ने कहा -हां वो तो ठीक है, पर पूजा की थाली में तुम्हें नहीं मुझे ही जगह मिलती है। झालर भाई ज्यादा घमंड मत करो। घमंडी- अहंकारी का सिर नीचे और पराजय सुनिश्चित है। हमारे विद्वानों का कहना है कि 'अंहकार'में तीन गए 'धन,वैभव और वंश,न मानो तो देख लो कौरव,रावण और कंस'। दिया की ऐसी बातों का मनन करते हुए यह भी नहीं भूलना चाहिए कि मिट्टी का एक दिया आंधी तूफान से जूझते हुए भी अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होता। घोर अंधकार को चीरते हुए वह बताता है - मानव निर्मित माटी का दिया सारी रात अंधेरे से लड़ता है। हे मानव, तू तो ईश्वर का बनाया हुआ है तू किस बात से डरता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के शिष्य मुनी श्री साम्यसागर जी महाराज की संस्कृत पाठशाला

**नांदणी ( विश्व परिवार )।** चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के शिष्य मुनी श्री साम्यसागर महाराज जी के द्वारा संस्कृत




पाठशाला प्रारंभ की गयी हैं। आप सभी संस्कृत सिख सखते हो youTube channel Sanskrit Pathashala के माध्यम से। श्रमण मुनी श्री साम्यसागरजी महाराज न्याय, व्याकरण, सिद्धांत शास्त्रो के अध्ययन में अपने आपको समर्पित कर दिया। आचार्यश्री द्वारा सृजीत अनेक ग्रंथो का आपने संस्कृत में अनुवाद किया। जिनकी वाणी में माँ सरस्वती का वास हो, श्रुतदेवी माँ जिनकी लेखनी बनकर करकमलो में बसी है, अरिहंत भगवान की वाणी जिनके मुख से निकलती है वो है वंदनीय, पूज्यनीय मुनीश्री साम्यसागरजी महाराज। दीक्षा के बाद से आपने सभी चातुर्मास दिक्षा गुरू के साथ करके ज्ञान की गंगा बहाई है। नमोस्तु शासन जयवंत हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने धनतेरस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि धनतेरस से पांच दिन तक चलने वाले दीपावली पर्व की शुरूआत हो जाती है। इस दिन धन, समृद्धि और ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर के साथ-साथ आरोग्य के लिए भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील किया है कि हमारे छत्तीसगढ़ के स्थानीय कुम्हारों, शिल्पकारों जैसे हुनरमंदों और महिला समूहों, छोटे व्यवसायियों से दिया एवं अन्य सामानों को क्रय कर उनकी दीवाली भी खुशहाल बनायें। मुख्यमंत्री श्री साय ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धनतेरस का त्यौहार सबके जीवन में खुशहाली और आरोग्य लेकर आए।

### एम्स रायपुर के डॉ. पुगाझेंथन थंगराजु को प्रतिष्ठित फेलोशिप (FRCP) ग्लासगो, स्कॉटलैंड, यूके से सम्मानित किया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एम्स रायपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुगाझेंथन थंगराजु को यूनाइटेड किंगडम के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजीशियन एंड सर्जन ऑफ ग्लासगो (RCPSG), स्कॉटलैंड से प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त करने का सम्मान मिला है। RCPSG यूनाइटेड किंगडम का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थान है, जिसे 1909 से शाही मान्यता प्राप्त है। यह संस्थान केवल अपनी विशेषताओं में महान योगदान देने वाले सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को अपने अकादमिक पूल में फेलो के रूप में शामिल करता है। यह सम्मान डॉ. थंगराजु को भारत में कुष्ठ रोग अनुसंधान, कुष्ठ प्रतिक्रिया और कुष्ठ से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों में उनके योगदान, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी, औषधि सुरक्षा, चिकित्सा उपकरण सुरक्षा और सार्वजनिक जागरूकता में उनके कार्यों के कारण प्राप्त हुआ है। डॉ. थंगराजु ने मदुरै मेडिकल कॉलेज से स्नातक और पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER), चंडीगढ़ से फार्माकोलॉजी में स्नातकोत्तर शिक्षा पूरी की। उन्हें पिछले वर्ष रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन, लंदन का फेलो भी चुना गया था।

## संसार पुण्य-पाप का खेल है इसमें कभी कोई जीतता है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** संसार पुण्य-पाप का खेल है इसमें कभी कोई जीतता है, तो कभी कोई हारता है जब-जब पुण्य भारी होता है तो अनुकूलता आ जाती है और जब पाप भारी होता है तो वही अनुकूलता प्रतिकूलता में बदल जाती है, संसार के संयोगों पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं यह तो क्षण भंगुर है कर्म की धरोहर है कब किसका साथ छूट जाऐ उसे मात्र धरोहर ही मानना उपरोक्त उद्‌गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने श्री दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि संसार में सुख बस्तु में नहीं हमारी दृष्टि में है, जो बस्तु कल तक हमें सुख प्रदान करती थी बही बस्तु आपको दु:ख प्रदान करने लगती है। मुनि श्री ने कहा कि आज विश्व के सबसे धनी व्यक्ती की तो खोज होती है लेकिन आज तक किसी ने सबसे सुखी कौन का सर्वेक्षण नहीं किया यदि सबसे सुखी व्यक्ती की खोज की जाऐ तो उसमें कोई धनी व्यक्ती तो नहीं होगा यह पक्का है। मुनि श्री ने कहा बताइये जिसके पास सबसे ज्यादा धन है क्या वह सबसे ज्यादा सुखी है? जिसके पास सबसे खूबसूरत पत्नी है वह सबसे अधिक सुखी है?

मुनि श्री ने कहा कि सुख अच्छा खाना, अच्छा पहनना, अच्छा परिवार, अच्छी बस्तु में नहीं सुख आपकी दृष्टि में है दृष्टि बदली की सृष्टि बदल जाती है उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि जब कभी घर में किसी बात पर पत्नी से तनाव हो जाता है तो अच्छा खाना भी आपको जहर लगने लगता है? शादी को तीस साल निकल गये अचानक पत्नी का तीस साल पुराना एक प्रेम पत्र मिल गया बोलो क्या होगा? जो पत्नी कल तक प्राण प्यारी थी वह कुल्टा हो जाऐगी मुनि श्री ने कहा कि यह तो हम सभी का रोज का अनुभव है कि जो बस्तु कभी अच्छी नहीं लगती समय आने पर वह बस्तु भी अच्छी लगने लगती है और जो बस्तु सबसे अधिक प्रिय थी वही बस्तु दृष्टि बदल जाने पर खराब लगने लगती है मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि जब हमें भूख लगती है और खाने के लिये पास में कुछ भी न हो तो बासी रोटी भी अच्छी लगती है। ध्यान रखना सुख मेरी दृष्टि में है बस्तु में नहीं संसार के सभी संयोग नश्वर है जिन बस्तुओं को तुम श्रेष्ठ मानते हो वही बस्तु नश्वर हो जाती है। एक किसान का बीस साल का बेटा अचानक चल बसा पत्नी तत्वदृष्टा थी उसने अपने पति को फोन लगाकर घर बुलाया और कहा कि बीस साल पहले कोई अपनी धरोहर रख गया था वह अपनी धरोहर बापिस मांगने आया है उसको बापिस दे दें क्या? तो पति ने कहा कि यह भी कोई पूंछने की बात है क्या जिसकी धरोहर है उसको दे दो तो पत्नी पति को भीतर ले जाती है और बेटा के ऊपर से चादर उठाकर कहती है कि आज से बीस साल पहले जो बेटा हमारे घर आया था उसे प्रकृति ने बापिस ले लिया। पति अपनी पत्नी की तत्व दृष्टि पर कायल हो जाता है। और फिर वह उसका अंतिम संस्कार करते है।

धर्म प्रभावना समिति के मीडिया प्रभारी राहुल जैन, अध्यक्ष अशोक डोसी, महोत्सव अध्यक्ष नवीन गोधा महामंत्री हर्ष जैन प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने उपरोक्त जानकारी देते हुये बताया प्रात: मंदिर परिसर में संत निवास विद्याप्रमाण भवन का सिलान्यास किया गया। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज को आहार कराने का सौभाग्य नवरत्न रमेशचंद निर्वाणा परिवार को मिला एवं मुनिसंघ का विहार मोहता भवन रैसकोर्स रोड़ के लिये हुआ।प्रात:प्रवचन एवं आहार चर्या मोहताभवन से ही संपन्न होगी। **-अविनाश जैन**

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति




**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** डोंगरगढ़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के द्वारा Routes to Roots के अंतर्गत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में ओडीसी शास्त्रीय नृत्य के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गयाजिसमें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ओडिसी नृत्यक गुरु श्री रूद्र प्रसाद स्वाईन के द्वारा शानदार प्रस्तुति कर बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें भूमि वंदना, मंगलाचरण, पल्लवी एवं कृष्ण लीला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यशाला के संयोजक शिवम चौहान ने अपना अनुभव भी साझा किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य का प्रचार प्रसार करना और उन्हें संजोय रखना है और बच्चों में रुचि जागृत करना।

इस अवसर पर प्राचार्य श्री एस आर कुजुर ने Routes to Roots के अंतर्गत कार्यशाला में ओडिसी नृत्य की सराहना की और शास्त्रीय कला और संगीत के लिए अभीप्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संतोष कुमार द्वारा किया गया एवं श्री संजू नाग देवे सर द्वारा आए हुए कलाकारों का आभार व्यक्त किया गया बता दे कि डोंगरगढ़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समय समय पर रचनात्मक कार्यक्रम होते रहता है। **-सप्रेम जैन**

## 2550वां निर्वाण महोत्सव पर अंतर्राष्ट्रीय राजगीर हवाई अड्डे का नाम भगवान महावीर पर करने के लिए जैन समुदाय की मांग हुई तेज

**कहा- यादगार रहेगा 2550 वां पर हवाई अड्डे का नाम**

**नालंदा ( विश्व परिवार )।** राजगीर वह पावन भूमि है जहां से भगवान महावीर ने विश्व को सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो का प्रथम उपदेश दिया था है. ऐसी भूमि से कोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई जहाज उड़ान भरेगी तो यहाँ की शांति, मैत्री, दया, करुणा का संदेश लेकर उड़ेगी। भगवान महावीर के नाम के सम्बोधन मात्र से सत्य, अहिंसा का संदेश हर किसी के मन में आता है। नालंदा की सम्पूर्ण भूमि जैन धर्म के महावीर स्वामी की यादों से परिपूर्ण है, जन्म से लेकर मोक्ष तक की यात्रा इस नालंदा की पावन भूमि है, राजगीर कई धर्मों की संगम स्थली जरूर है लेकिन एयरपोर्ट सिर्फ नालंदा ही नहीं आसपास के अन्य जिलों को भी कवर करेगी, एयरपोर्ट नालंदा की नाम है और नालंदा जैन धर्म के इतिहास से गढ़ा हुआ है, उम्मीद है राजगीर हवाई अड्डा का नाम भगवान महावीर अंतरराष्ट्रीय राजगीर हवाई अड्डा रखा जाना सुनिश्चित होगा, अगर ऐसा होता है तो भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण महोत्सव पर उनके चरणों में बिहार सरकार और भारत सरकार की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। **-प्रवीण जैन**

## सभी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में योगदान देने वाले कर्मवीरों का सम्मान समारोह सम्पन्न

### आपके जीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन उनसे घबराना नहीं है, उन्हें स्वीकार करें और उन पर विजय प्राप्त करें : देवेंद्र ब्रह्मचारी



**मुंबई ( विश्व परिवार )।** मुंबई में एक विशेष समारोह में उन कर्मवीरों का सम्मान किया गया जिन्होंने समाज और धर्म के उत्थान में अपनी निस्वार्थ सेवा से अमूल्य योगदान दिया। यह आयोजन सभी सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता निस्वार्थ रूप से देने वाले कर्मवीरों का सम्मान समारोह के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारत गौरव श्रद्धेय श्री देवेन्द्र ब्रह्मचारी जी के प्रेरणा और मार्गदर्शन में हुआ। देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने स्कूल के बच्चों एवं कर्मवीरों को संबोधित करते हुए कहा, आपके जीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन उनसे घबराना नहीं है। उन्हें स्वीकार करें और उन पर विजय प्राप्त करें। अपने आप पर विश्वास रखें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करें। आप सभी भविष्य के नेता, वैज्ञानिक, कलाकार, और उद्यमी हैं। अपने देश और समाज के लिए कुछ बड़ा करने की सोचें और उसे पूरा करने के लिए काम करें।

मुनिश्री 108 प्रणुतसागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए किन बातों का पालन करना चाहिए और किनसे बचना चाहिए। साथ ही, उन्होंने समाज में एक अनुकरणीय और सफल व्यक्तित्व बनने के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति के.के. तातेड़ जी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई और समाज में मानवाधिकारों की रक्षा के साथ सेवा भावना के महत्व पर बल दिया।

डॉ. कल्बे रुशैद रिज़वी जी ने अपने पावन विचार साझा करते हुए बच्चों को प्रेरित किया और कहा कि इंसान को आदमी नहीं, बल्कि मानव बनकर जीना चाहिए। उनके विचारों ने श्रोताओं के मन में करुणा और सहनशीलता की भावना को सुदृढ़ किया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शास्त्रीय गायिका पद्मश्री श्रीमती सोमा घोष जी की उपस्थिति ने समारोह को संगीतमय बना दिया। अपनी मधुर आवाज़ में उन्होंने ऐसी प्रस्तुति दी जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय फिल्म अभिनेता श्री ज्ञान प्रकाश जी ने समारोह में शिरकत की और बच्चों के लिए एक एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें अभिनय की कला में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

सम्माननीय अतिथियों में श्री महेन्द्र तुरखिया जी (सीए), श्री विकास सेठी जी, श्री गणपत कोठारी जी, श्री कमलेश जी जैन (सीए), डॉ. राहुल साहो, और श्री उत्तम बाफना जी शामिल थे। इन सभी ने इस आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज सेवा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। समारोह में श्री दुर्गा प्रसाद यादव (जीवा), श्री शैलेश के. दामोदरिया (किशन), श्री अभिषेक मिश्रा, डॉ. अरुणोदय एस. राय, श्री अभिषेक पाल, श्री लक्ष्मी यादव, श्री रोशन उपाध्याय, श्री मयूर धुलेरा, श्री देवेन्द्र महाराज, श्री नवीन कुमार पांडे, डॉ. यशोदा सोलंकी, श्री राजेश उपाध्याय, श्री अशफाक हुसैन मंसूरी, एवं सैन्य विद्यालय के विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति में सम्मान/प्रोत्साहन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम ने समाज के विभिन्न कर्मवीरों को एक साथ लाने और उनके बीच परस्पर स्नेह और सहृदयता का भाव बढ़ाने में मदद की। इसका उद्देश्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना था। इस प्रकार की पहल व्यक्तियों को एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदार और सहयोगी बनाती है, जिससे समाज में शांति और सौहार्द बना रहता है। समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने से समाज की उन्नति और विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशोदा सोलंकी जी द्वारा प्रभावशाली रूप से किया गया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता...पेज-01 का शेष

र्मास्यूटिकल, टेक्सटाईल, फूडप्रोसेसिंग, कृषि उत्पाद संरक्षण, एनटीएफ्पी प्रसंस्करण इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, आईटी एवं आईटीईएस आदि के लिए आकर्षक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजनञ्च2047 विजन डॉक्यूमेंट के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। नवा रायपुर अटल नगर में निवेश, रोजगार एवं बसाहट को प्रोत्साहन देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षणिक संस्थान, इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रिकल उद्योगों के विकास के लिए रियायती प्रीमियम दर पर भूखण्ड आबंटन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। ग्राम नियानार, जगदलपुर जिला बस्तर में एनएमडीसी के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आबंटित 118 एकड़ शासकीय भूमि, मण्डल द्वारा सी।एस।आई।डी।सी। को रजिस्ट्री के माध्यम से विक्रय की अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। नवा रायपुर परियोजना के लिए आपसी करार द्वारा निजी भूमि क्रय करने पर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को 31 मार्च 2026 तक मुद्रांक शुल्क में छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय में राज्य आयुक्त के एक पद के सृजन का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद ने घोषणा पत्र के अनुरूप राज्य में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस योजना के तहत राज्य के 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, दिव्यांगजन, विधवा, परित्यक महिलाओं को उनके जीवनकाल में एक बार प्रदेश के बाहर स्थित चिंहित तीर्थ स्थानों में से एक या एक से अधिक स्थानों की नि:शुल्क यात्रा कराई जाएगी। इसके लिए 2024-25 के प्रथम अनुपूरक में 25 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत वर्ष 2019 तक 2 लाख 47 हजार हितग्राहियों को 272 यात्राओं के माध्यम से तीर्थ यात्रा कराई गई है। वर्ष 2019 में इस योजना का नाम बदलकर तीरथ बरत योजना कर दिया गया था, परंतु वर्ष 2019 से वर्ष 2023 तक इस योजना के तहत तीर्थ यात्राएं नहीं हुईं। मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के नाम से इसे पुन: शुरू करने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ के तकनीकी शिक्षा विभाग में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का निर्णय लिया है। इससे छात्र-छात्राओं को समग्र एवं लचीले शिक्षा प्रणाली के साथ ही गुणवत्तायुक्त शिक्षण की सुविधा मिलेगी। शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अधिक संसाधन और सहयोग प्राप्त होंगे। उद्योगों को अधिक कुशल कार्य बल मिलेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में जनहित को देखते हुए अचल सम्पत्ति के अंतरण संबंधी दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण फीस के युक्तियुक्तकरण का निर्णय लिया गया है। बैठक में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 (1908 का 16) से संबंधित रजिस्ट्रीकरण शुल्क सारणी में पुनरीक्षण संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

## रानी सागर के किसान रामनारायण के बेटे मनीष बना सब इंस्पेक्टर



**आरंग ( विश्व परिवार )।** प्रतिभा अभावों में पलती है।इस बात को चरितार्थ कर दिखाया है रानी सागर के किसान रामनारायण साहू के सुपुत्र 26 वर्षीय मनीष साहू ने। उन्होंने काफी संघर्षों के पश्चात एस आई की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता, गांव व अंचल का गौरव बढ़ाया है। काफी लंबे समय तक सृजन कोचिंग संस्थान आरंग में अध्ययन किए मनीष साहू ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन यामनी व भारती साहू अपने गुरुजन छत्रधारी सोनकर, शंभू बंछोर, खिलेश चंद्राकार, दीपक चंद्राकार, तेजेश्वरी बघेल, सृजन कोचिंग संस्थान आरंग व अपने मित्र रवि चंद्राकर व अन्य मित्रों को दिया है। उन्होंने बताया 2018 में उनका सेलेक्शन वायुसेना में एअर मैंन के पद पर हुआ था।

तीन माह ट्रेनिंग के बाद उनका मन नहीं लगने से वह पद छोड़ दिया। पुन: 2022 में एस आई की परीक्षा दिलाया। 2023 में मेंस दिया, जुलाई में फिजिकल परीक्षा हुआ और सोमवार को रिजल्ट आया। उनके एसआई में सलेक्शन होने से उनके परिवार व गांव में हर्ष की लहर है। लोग घर पहुंच कर बधाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया उनका एक ही लक्ष्य था, सब इंस्पेक्टर बनना। एक छोटे से गांव में लघु किसान परिवार से एस आई बनने तक का सफर तय करने में मनीष को काफी संघर्षों से गुजरना पड़ा। उनके माता-पिता व उनके परिवार बहुत खुश हैं। और अपने दो बेटियों को भी अधिकारी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं मनीष के इस उपलब्धि पर सृजन कोचिंग संस्थान व स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन की प्रतिनिधि मंडल उनके घर पहुंचकर उन्हें मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दिए हैं।

## त्यौहारी सीजन में साफ-सफाई कर घरों से निकल रहा ढेरों कचरा

### नगर पालिका वार्डो की साफ-सफाई पर नहीं दे रहा ध्यान



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** वार्डो में पालिका साफ सफाई पर ध्यान नहीं दे रहा हैं जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई हैं.और अभी त्यौहारी सीजन चल रहा हैं.दीपवाली भी नजदीक हैं जिसे देखते हुए घरों की साफ- सफाई का काम तेजी से किया जा रहा हैं. वहीं घरों से ढेरों कचरा निकल रहा हैं. जिसे कहीं भी फेका कर क्षेत्र को गंदा किया जा रहा हैं. कई जगह सफाई कर्मी वार्डो तक नहीं पहुंच पा रहें हैं.वार्डो में गंदगी का अम्बार लगा हैं. ऐसे में नगरवासियों साफ ङ्क सफाई कों लेकर परेशान हैं.नगर पालिका क्षेत्र में लोगों की आबादी लगभग बीस हजार के आसपास हैं.एक दिन में नगर से गाड़िया भर कचरा निकल रहीं हैं. पुरानी टोली के पांडे निवास के सामने कचरे का ठेर पड़ा हुआ हैं जिसकी सालों से साफ -सफाई नहीं हुई हैं. उन्होंने बताया की साफ -सफाई कों लेकर शिकायत की गईं थीं पर अभी सफाई कर्मी सफाई के लिए नहीं पहुंचा हैं.ठीक इसके पड़ोसी मुहल्ले बिजली टोली बिजली ऑफिस के पीछे की नालियों की साफ - सफाई नहीं हुई हैं.जिससे नालियों का पानी जाम हो गया हैं वहीं नाली प्रवाह नहीं से नलियों की बदबू बढ़ गईं हैं.

**टेक्स देने के बाद भी सुविधा नहीं मिल रहा :** पालिका क्षेत्र में कई ऐसे मुहल्ले हैं जिनमें साफ सफाई के लिए नहीं पहुंच पा रहें हैं.पालिका क्षेत्र के लोग नगर पालिका में विभिन्न टेक्स देते हैं लेकिन इसके बावजूद उन्हें नगर पालिका से बेहतर सुविधा नहीं मिल पा रहा है. नगर पालिका की उदासीनता की वजह से वार्डो का बुरा हाल हैं.सफाई कर्मी नहीं आने पर लोग खुद गाड़ी मंगाकर कचड़े दुर लें जाकर फेंक रहें हैं.

**गंदगी से बढ़ रहीं हैं बीमारीयां :** वार्डो में बढ़ते गंदगी और बीमारियों से लोग हालाकान हैं गंदगी के कारण मच्चर, मक्खी कई बीमारियां साथ लेकर आ रहें हैं. इस मौसम में पेट दर्द टाइफाईड बुखार समेत अन्य बीमारियों ने लोगों के स्वास्थ पर कड़ा प्रहार किया हैं.ऐसे में घरों की साफ -सफाई के आलावा वार्डो की भी साफ सफाई अत्यंत जरूरी हैं.

## वैगन रिपेयर शॉप-रायपुर में वेस्ट टू आर्ट कला के तहत स्क्रैप से अद्‌भुत आकृतियां

### वैगन रिपेयर शॉप-रायपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में एक टन वजन के रेलवे स्क्रैप से गणपति जी की विशालकाय मूर्ति का निर्माण

### वेस्ट मटेरियल से आर्ट : स्वच्छता अभियान 4.0





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वैगन रिपेयर शॉप रायपुर में वेस्ट मटेरियल से आर्ट स्वच्छता अभियान 4.0 स्क्रैप आइटम से बने विशालकाय स्टैचू (लगभग 11 कलाकृतियों) का प्रदर्शन दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 को किया गया है। जो स्क्रैप आइटम की उपयोगिता को सार्थक करता हैं। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल, मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राकेश सिंह, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रवि निवाले, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री नीलांजन नियोगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

वैगन रिपेयर शॉप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर में एक टन वजन की रेलवे स्क्रैप से गणपति जी की विशालकाय मूर्ति का निर्माण बनाई गई है। इस प्रतिमा का निर्माण रेल के खराब हो चुके पार्ट्स, जिसे स्क्रैप कहा जाता है, उससे किया गया है, वैगन रिपेयर शॉप रायपुर में विभिन्न प्रकार के वैगनो में उपयोग के पश्चात् खराब हो चुके पार्ट्स से यह विशाल काय मूर्ति 12.5 फीट ऊंचाई की एवं 8 फीट चौड़ाई की बनाई गई है। रेल के स्क्रैप के पार्ट्स जैसे नट बोल्ट और अन्य लोहे के सामान से भगवान गणेश जी की मूर्ति को तैयार किया जा रहा है. गणपति जी को बनाने में वैगन में लगने वाले खराब 11000 लॉकिंग प्लेट, नट, बोल्ट, वायसर, स्पिंग, स्क्रैप के टुकड़े चेंज ओवर सेट के पार्ट्स, डर्ट कलेक्टर का पार्ट, एंगल कॉक के पार्ट, एसएबी टॉप कैप, बोगी स्प्रिंग, एंगल कॉक, इत्यादि वैगन पार्ट्स का उपयोग किया गया है।

रेलवे स्क्रैप से गणपति जी की मूर्ति बनाने का उद्देश्य (वेस्ट टू आर्ट) स्क्रैप का सुन्दर आकर्षक परिवर्तन है। गणपति जी की सुंदर मूर्ति रेलवे के स्क्रैप सामग्री का उपयोग करके बनाई गई है। इस मूर्ति को बनाने में वैगन रिपेयर शॉप के मुख्य कर्मशाला प्रबंधक (सी डब्लू एम) श्री निर्मल कुमार भंडारी के निर्देशन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ बी टी सी श्री गुलाब चन्द्र, के सुपरविज़न में सीनियर तकनीशियन अशोक कुमार देवांगन, (सीनियर सीडीओ दुर्ग के अधीन कार्यरत) के मार्ग दर्शन में एवं उनके साथ सीनियर तकनीशियन चन्द्र कांत दामले, तकनीशियन- ग्रेड-II मयंक प्रभात सिंह इन सभी लोगों को महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**मूर्ति की विशेषताएं**- रेलवे के स्क्रैप सामग्री से बनी हुई है। अनोखी और आकर्षक डिज़ाइन। पर्यावरण के अनुकूल सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक। 11000 लॉकिंग प्लेट के साथ स्क्रैप का उपयोग। 12.5 फीट ऊंचाई की एवं 8 फीट चौड़ाई की मूर्ति है। इसके अतिरिक्त वैगन रिपेयर शॉप रायपुर में स्क्रैप का उपयोग कर गेट वे ऑफ इंडिया, गाँधी जी, मेक इन इंडिया लोगो, बहुत सी सुदर कला कृतिया बनाई गई है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### पकड़ा गया झोलाछाप डॉक्टर

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** गांव-देहात में आज भी प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए झोलाछाप डॉक्टर बेधड़क काम कर रहे हैं. यह बात देवभोग तहसील के ग्राम डोंगरीगुड़ा में देखने को मिली, जहां धान जब्ती के लिए गया प्रशासनिक अमला फर्मासिस्ट के घर पर तीन कमरों में चल रहे अस्पताल को देखकर दंग रह गया. वैधानिक दस्तावेज नहीं मिलने पर तहसीलदार ने बीएमओ की मौजूदगी में अस्पताल वाले मकान को सील किया. देवभोग तहसीलदार चितेश देवांगन देर शाम धान के अवैध भंडारण की सूचना पर कार्यवाही के लिए निकले थे. दो गांव में 290 बोरा धान भी जब्त कर लिया था, लेकिन जैसे ही डोंगरीगुड़ा में अवैध भंडारण की सूचना की तस्दीक करने टीम पहुंची तो भौचक रह गई. तहसीलदार ने मकान मालिक हेमलाल नागेश से धान के बारे पूछताछ शुरू किया तो वह सहयोग करने के बजाए उल्टा सीधा जवाब देने लगा, तभी तहसीलदार की नजर घर पर चल रहे अवैध क्लिनिक पर पड़ी. इस पर पूछताछ करते ही हेमलाल ताला खोल कर भाग खड़ा हुआ. बड़ी गड़बड़ी की आशंका पर तहसीलदार ने तत्काल सरपंच, बीएमओ व पुलिस को सूचित किया. सभी की मौजूदगी में मकान की विधिवत जांच हुई तो तीन कमरों में अवैध रूप से संचालित अस्पताल पाया गया. इसके साथ गर्भपात में इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के साथ गर्भ जांच किट समेत 50 प्रकार की करीबन एक लाख रुपए मूल्य की दवा मिली. इसके अलावा माइक्रोस्कोप मशीन, खून जांच व ड्रेसिंग किट, बीपी, शुगर जांच के मशीन भी पाए गए. इस पर विधिवत जब्ती बनाकर मकान को सील कर दिया. दो माह पहले कलेक्टर ने अनुविभाग प्रशासन को अवैध क्लिनिकों जांच कर कार्रवाई की जवाबदारी दिया था. एसडीएम तुलसीदास के नेतृत्व में अगस्त अंतिम सप्ताह से लेकर सितम्बर पहले सप्ताह तक देवभोग में संचालित दो अवैध क्लिनिक को स्वास्थ्य अमले की मौजूदगी में व सितलीजोर में संचालित क्लिनिक को एसडीएम ने ग्राम प्रमुख की मौजूदगी में सील किया गया था. ताबड़तोड़ कार्यवाही के जरिए जिला प्रशासन के समक्ष अवैध क्लिनिक के सफाई का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत में अभी भी क्षेत्र में 20 से ज्यादा अवैध क्लीनिक संचालित बताए जा रहे हैं.

### इंजीनियर और आर्मी मैन के भाई की मौत

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** आड़ावाल मार्ग स्थित किशन ढाबा के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। उसे महारानी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में लिया है। वहीं पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेकॉज भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि माड़पाल निवासी सूर्य प्रताप सिंह जगदलपुर से अपने घर माड़पाल स्कूटी से जा रहा था। किशन ढाबे के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल सूर्यप्रताप को हॉस्पिटल ले जाया गया, जबकि कार चालक को कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया। घायल की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक 3 भाई बहनों में दूसरे नंबर का था, जबकि विवाहित होने के साथ ही उसका 5 साल का एक बच्चा भी है। सूर्यप्रताप की मौत की खबर से घर में मातम पसरा है। परिजनों का कहना है कि सूर्यप्रताप की मौत की खबर लगते ही मां व पत्नी का बुरा हाल हो गया है। बार-बार मां बेटे को देखने की जिद कर रही है। वहीं सूर्यप्रताप के पिता भी पुलिस में रह चुके हैं और बड़ा भाई दिल्ली में इंजीनियर है। जबकि सबसे छोटा भाई आर्मी में है। आज सुबह माड़पाल में अंतिम संस्कार करेंगे।

### बाइक रैली निकाल कर बस्तर ओलंपिक 2024 के लिए किया जागरूकता

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर ओलंपिक को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने और लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रविवार की सुबह कलेक्टर हरिस एस और एसपी शलभ सिन्हा के नेतृत्व में एक भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में काफी संख्या में स्थानीय नागरिक,आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, एसडीएम भरत कौशिक, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे सहित खेल विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ीगण और युवा शामिल हुए। रैली प्रियदर्शनी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। लोगों को आयोजन के महत्व के बारे में जानकारी दिया गया। कलेक्टर ने रैली के दौरान कहा बस्तर ओलंपिक हमारे क्षेत्र की जनता को खेलों के प्रति जोड़ने और युवाओं को खेलों में सक्रिय रूप से शामिल करने का एक अनूठा प्रयास है। इस आयोजन से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिलेगा। वहीं एसपी शलभ सिन्हा ने आयोजन में जनता की सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे समाज को एकजुट करने में सहायक होते हैं। रैली का समापन धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर पर हुआ, जहां लोगों ने बस्तर ओलंपिक के सफल आयोजन की कामना करते हुए उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

## जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट में दबिश देकर खाद्यान्न सामग्री के नमूने लिए जा रहे

**त्यौहारी सीजन के मद्देनजर कलेक्टर के निर्देश पर की जा रही संयुक्त अमला द्वारा कार्रवाई**

**सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले संचालकों को नोटिस जारी**



**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत करते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंटों में दबिश देकर छापामार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट में दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में निम्न गुणवत्ता वाली अमानक मिठाई, खाद्यान्न सामग्री विक्रय एवं घरेलू गैस सिलेण्डर का दुरुपयोग किये जाने के संबंध में संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर कार्रवाई की गई। अमानक स्तर की खाद्यान्न सामग्री पाए जाने पर नमूने लेकर लैब भेजने की भी कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के चारामा नगर पंचायत में मेसर्स यादव दूध डेयरी से दूध, राजा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट से खोवा, सुरेश होटल से पनीर एवं कुन्दा, दुर्गेश रेस्टोरेंट से दही, जोधपुर मिष्ठान भंडार से खोवा एवं पेड़ा की जांच कर मिष्ठान्नों का नमूना प्राप्त कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु रायपुर स्थित लैब भेजा गया। फूड एंड ड्रग्स विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर में दुर्गा होटल से स्ट्राबेरी स्वीट्स, जैन मिष्ठान से खजूर रोल, गोपाल स्वीट्स से कलाकंद गुलशन होटल से मिल्क बर्फी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार माजीसा किराना स्टोर भानुप्रतापपुर से निलांस सेवाइया लाल गुलाब सरसों तेल, मैगी मसाला, अचार एवं अन्य सामग्री 5576 रुपये, जायसवाल प्रोविहजन स्टोर्स भानुप्रतापपुर के अभिषेक जायसवाल से एवरेस्ट धनिया मसाला, निलांस चिकन मसाला गुजराती पापड़, विकेजी चनाचूर, लाल गुलाब सरसों तेल कीमत 3660 रुपये, जैन एजेंसी भानुप्रतापपुर हल्दीराम रोस्टेड चना 1320 रुपये, राजस्थान किराना स्टोर भानुप्रतापपुर पारले हाइड एंड सीक अनमोल टम्मी, नेचुरल टोस्ट, वाघ बकरी चाय 2690 रुपये, अरिहंत सुपर मार्केट भानुप्रतापपुर सुंदर तिल्ली टोस्ट चिंगस हाट गारलिक 480 रुपये, आशीर्वाद प्रोविहजन स्टोर्स 12776 रुपये कुल 30000 रुपये की एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त की गई। इसी तरह कांकेर में जय हिंद होटल से मलाई बर्फी, जैन मिष्ठान से पनीर, केसर पेड़ा, नेकी हसन से मथुरा पेड़ा, जय हिन्द रेस्टारेंट पनीर, राजस्थान स्वीटस से बादाम बर्फी का सैंपल जांच हेतु लिया गया एवं होटल रुबरु जायका से 5 किग्रा पुराना मटन, दाल पका 5 क्रिग्रा काबुली चना उबला 2 कि.ग्रा. रसगुल्ला 1 कि.ग्रा. मछली 3 कि.ग्रा. खराब पाए गए जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया एवं वेज एवं नानवेज व्यंजन अलग-अलग नहीं रखने हेतु होटल संचालक को नोटिस दिया गया।

## ग्राम तुमड़ीबोड में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का यूनिसेफके प्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

**स्वच्छता के प्रति जनसमुदाय को किया गया प्रोत्साहित एवं जागरूक**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को आयोजित किये जा रहे स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा अवलोकन किया गया। व्यवहार परिवर्तन प्रमुख यूनिसेफ के श्री डेनिस, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के श्रीमती लोपामुद्रा, एसबीसी स्पेशलिस्ट श्री अभिषेक सिंह ने स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों को देखा। स्वच्छता त्यौहार के तहत स्कूली बच्चों एवं युवोदय वॉलिंटियर्स द्वारा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक प्रतिबंध, यूजर चार्ज, ग्रे वॉटर प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए जनसमुदाय को प्रोत्साहित एवं जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसके माध्यम से स्वच्छता के कार्यों को गति मिली है और जनसामान्य में स्वच्छता के लिए जागृति भी आ रही है। इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत राजनांदगांव के जिला समन्वयक श्री छोटेलाल साहू द्वारा जिले में चल रही गतिविधि एवं कार्ययोजना तथा प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग थीम पर किए जा रहे स्वच्छता त्यौहार की गतिविधि जैसे ग्राम के सभी स्थानों की साफ-सफाई, बॉटल ब्रिक्स, कचरा संग्रहण, दुकानदारों के साथ अनुबंध, यूजर चार्ज, घरेलू स्तर पर गीले कचरे का निपटान, शोकपिट का निर्माण, कबाड़ से जुगाड़ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जनसामान्य को अवगत कराया गया। इस दौरान श्रीमती निर्मला सिंह, श्रीमती भुवनेश्वरी साहू जनपद सदस्य श्री मदन साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता के आयाम तथा प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार से ग्राम के बदलते परिवेश से अवगत कराया गया। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन से जनसमुदाय में अभूतपूर्व व्यवहार परिवर्तन हुआ है, पहले खुले में शौच एवं घरों से निकलने वाले कचरों को गली एवं नालियों में फेंका जाता था। जिससे गांव में अत्यधिक कचरा दिखाई पड़ता था। परंतु अब गांव-गांव साफ और सुंदर दिखने लगा है। एसबीसी स्पेशलिस्ट यूनिसेफ श्री अभिषेक सिंह द्वारा पर्यावरण स्वच्छता के विषय में संदेश दिया गया।

## शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने आयोजित किया स्वास्थ्य कार्यक्रम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में 14 से 25 अक्टूबर तक शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुफ्त परामर्श, रक्तचाप (बीपी) जांच, परिवार नियोजन और कल्याण पर परामर्श, और एचआईवीध्एड्स जागरूकता प्रदान की गई। हाइपरटेंशन जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, लोगों को जानकारी दी गई और बीपी परीक्षण किए गए। उन्हें स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित स्वास्थ्य जांच, और धूम्रपान व शराब से बचने की सलाह भी दी गई। इसी प्रकार, झुग्गी बस्तियों के पुरुषों और महिलाओं को परिवार नियोजन के लाभ, विभिन्न तरीकों और स्थायी व अस्थायी समाधानों के बारे में शिक्षित किया गया। उन्हें बताया गया कि पुरुष और महिला दोनों नसबंदी करवा सकते हैं, और परामर्शदाताओं ने परिवार नियोजन के बारे में फैले मिथकों को दूर किया। एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव एचआईवी जागरूकता सत्र भी कोरबा में ट्रक ड्राइवरों के साथ आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य ड्राइवरों और ट्रक चालकों में एचआईवी की रोकथाम, उपचार, और प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। उनकी भागीदारी से चर्चा में एक महत्वपूर्ण पहलू जुड़ा, जिसमें उन्होंने एचआईवी-पॉजिटिव व्यक्तियों के लिए समय पर परीक्षण और सतत उपचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने रोकथाम के उपायों पर जानकारी साझा की और बीमारी के बारे में मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने में सहायता की। जिन लोगों को आवश्यकता थी, उनके लिए मुफ्त शुगर (मधुमेह) परीक्षण भी किए गए और उन्हें नियंत्रण उपायों के बारे में शिक्षित किया गया।

## नकली बीड़ी बनाने के धंधे का हुआ पर्दाफाश भाजपा नेता का भाई गिरफ्तार

**डोंगरगढ़(विश्व परिवार)।** कहीं आप बीड़ी पीने के शौकिन तो नहीं हैं, उसमें भी गोला छाप, मेघना और भोला छाप जैसी ब्रांडेड कंपनी की. तो सतर्क हो जाइए. डोंगरगढ़ में पुलिस छापेमारी के दौरान इन कंपनियों के साथ-साथ अन्य कंपनियों की नकली बीड़ी बेचने का गोरखधंधा उजागर हुआ है. मामले में स्थानीय भाजपा नेता के भाई को गिरफ्तार किया गया है. नकली बीड़ी बनाने और बेचने का पर्दाफाश तब हुआ, जब धमतरी के गोला बीड़ी वर्क्स के मालिक जतीन मिरानी ने राजनांदगांव एसपी से शिकायत की कि उनकी कंपनी के नाम पर नकली बीड़ियां बाजार में बेची जा रही हैं. शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डोंगरगढ़ के दंतेश्वरी पारा इलाके में भाजपा के स्थानीय नेता देवेंद्र साखरे के भाई रविंद्र साखरे के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की. इस दौरान पुलिस ने सैकड़ों कट्टे नकली गोला बीड़ी, बिना लेबल की बीड़ी, हजारों रैपर, होलोग्राम और लगभग सभी बड़े ब्रांड्स के नकली लेबल बरामद किए. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ती बीड़ियां खरीदकर उन्हें ब्रांडेड बीड़ी के रूप में पैक कर बेचता था, जिससे उसे अच्छा मुनाफा होता था. फिलहाल, पुलिस ने आरोपी रविंद्र साखरे के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और अन्य कानूनी धाराओं के तहत कार्रवाई की है, लेकिन बीड़ी निर्माता कंपनी ने भाजपा नेता देवेंद्र साखरे के खिलाफ भी कार्रवाई की माँग की है, जिसपर पुलिस ने देवेंद्र साखरे और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को नोटिस जारी कर जांच शुरू कर दी है.

## समेली ग्राम पंचायत में सम्पन्न हुआ जनसमस्या निवारण शिविर

**ग्राम मूलेर की महिलाओं की आजीविका सुदृढ़ करने के लिए दिया गया नयी ट्रैक्टर ट्राली**

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्राम पंचायतों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने की श्रृंखला में आज विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम समेली में शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। इस शिविर के जरिये समेली ग्राम के अलावा अन्य ग्राम जैसे पालनार, बुरगुम, रेवाली, पोटाली, अरनपुर, तनेली, नहाड़ी ग्रामों को कव्हर करते हुए यहां के निवासियों की मांगों समस्याओं शिकायतों को भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुना और निराकरण की आवश्यक पहल की। साथ ही दिए गए अन्य आवेदनों का भी संकलन करते हुए उसके निपटारे की समय सीमा भी तय किया गया। उक्त शिविर में भी जन्म, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बनाने हेतु ग्रामीणों का भारी हुजूम था। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मंशानुरूप राज्य शासन दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की समस्त योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फिर चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो अथवा किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान भारत योजना का क्रियान्वयन हो। ये सभी योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। अत: ग्रामीणजन इन सभी योजनाओं की जानकारी तथा इससे लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी अवश्य ले उन्होंने विभागो से भी आग्रह किया कि वे ग्रामीणों को इन योजनाओं की जानकारी देवें। शिविर में मुलेर की मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं को 15 लाख रुपये की लागत की ट्रैक्टर ट्राली प्रदाय की गई। इस ट्रेक्टर ट्राली में कृषि कार्य से संबंधित थ्रेसर, केटव्हील, रोटावेटर, मशीन भी थी। राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के तत्वाधान से दी गई इस ट्रैक्टर ट्राली को समूह की महिलाएं किराए पर कृषि कार्य एवं अन्य कार्य के लिए ग्रामीणों को देकर अपने आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाएगी। इसके साथ ही शिविर में कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्म के मसूर दाल के बीज भी दिए गए.इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन एवं महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई। साथ ही बाल संदर्भ षिविर के माध्यम से बच्चों का सुपोषण जांच किया गया,एवं कुछ कुपोषित बच्चों पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने की अनुशंसा भी की गई।

## इको टूरिज्म स्थल जबर्रा गाँव में शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंचे पुणे महाराष्ट्र के छात्र

**जबर्रा गाँव की मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता को देख हुए गदगद**

**बोलेइममी पापा के साथ फिर से आएंगे जबर्रा**

**जबर्रा गाँव को इको टूरिज्म के रूप में किया जा रहा है विकसित**



**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी जिले के नगरी ब्लाक के ग्राम जबर्रा गाँव को जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण पर्यटन इको टूरिज्म के रूप में विकसित कर रहा है। यहां प्रदेश, देश विदेश से भी पर्यटक आने लगे हैं यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने पुणे महाराष्ट्र के छात्र दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए इको टूरिज्म स्थल जबर्रा गाँव पहुंचे। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और वन संसाधन को देख छात्र खुशी से गदगद हुए और मम्मी पापा के साथ पुन: इको टूरिज्म जबर्रा गाँव आने की बात कही। इको टूरिज्म हीलर्स के अध्यक्ष श्री माधव सिंह मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे समूह को इको टूरिज्म हीलर्स के नाम से जाना जाता है जिसमें 20 सदस्य निरंतर यहां कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे गांव में एशिया महाद्वीप में सबसे ज्यादा औषधि पाए जाने वाला जंगल है। हम लोग जबसे टूरिज्म समिति चला रहे हैं तब से विदेश के लोग भी आते हैं और आदिवासी कल्चर आदिवासी पारंपरिक भोजन एवं अन्य प्राकृतिक गतिविधियां की उन्हें जानकारी देते हैं।जबर्रा गाँव औषधीय पौधों के लिए अपनी अनूठी प्राकृतिक छटा के लिए प्रसिद्ध है। यहां लंबी पैदल यात्रा, ट्रेकिंग, नेचर ट्रेल वॉक के लिए एक उभरता हुआ पर्यटन स्थल है। वे जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कार्य करते हैं उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए बताया कि वे अभी बाहर कार्य करने नहीं जाते हैं और यह इको टूरिज्म 2020 से प्रारंभ हुआ है। उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे हम यहां आने वाले पर्यटकों को सही जानकारी दे सकें। पर्यटको के आने से अब उनकी आर्थिक मे सुधार हो रहा है। इको टूरिज्म हीलर्स समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में पुणे महाराष्ट्र से आए छात्रों को वनों में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के औषधीय जड़ी बूटियों, पहाड़ों एवं घने वनों , पारंपरिक आदिवासी संस्कृति, खानपान भोजन के संबंध में जानकारी छात्रों को दी गई। शैक्षणिक भ्रमण में आए छात्रों ने औषधि, पहाड़, संस्कृति, चिड़ियों की चहचहाहट, सुंदर वनों से सजे प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा और शांति एवं सुकून महसूस किया। छात्रों ने कहा कि पुणे बड़ा शहर है जिसके कारण शुद्ध पर्यावरण हमें नहीं मिल पाता। यहां आकर शांति सुकून एवं आनंद प्राप्त हुआ। वे जंगल में जंगली जानवरों के पांव के निशान देखकर भी बेहद खुश हुए।आने वाले समय में मम्मी पापा के साथ आने की बात कही। छात्रों ने यहां की पारंपरिक इडहर की सब्जी, चिला की रोटी बहुत पसंद आयी।

## व्यापार समाचार

### कल्याण ज्वेलर्स ने दुर्ग में लॉन्च किया अपना नया शोरूम

**दुर्ग :** भारत के सबसे भरोसेमंद और सबसे बड़े आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने आज दुर्ग में अपने नए शोरूम के शुभारंभ की घोषणा की। नए और शानदार शोरूम में डिज़ाइन की विस्तृत श्रृंखला है, जो विश्व स्तरीय माहौल के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है, जो एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। नए शोरूम के बारे में कल्याण ज्वेलर्स के कार्यकारी निदेशक श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, एक कंपनी के रूप में, हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और ग्राहक खरीदारी के अनुभव को बढ़ाने के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। जैसा कि हम अपनी विकास यात्रा के इस अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, हमें दुर्ग में अपने नए शोरूम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ राज्य में अपने भौगोलिक पदचिह्न को लगातार बढ़ाना है और कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास खरीदारी का अनुभव प्रदान करना जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह लॉन्च साल के सबसे शुभ समय में से एक से जुड़ा हुआ है, जो आने वाले धनतेरस और दिवाली के त्यौहारों के साथ मेल खाता है। आभूषण ब्रांड का लक्ष्य क्षेत्र में संरक्षकों के लिए अपनी सेवा-समर्थित खरीदारी के अनुभव को सुलभ बनाकर त्योहारी चमक का रणनीतिक रूप से लाभ उठाना है। त्योहारी सीजन के दौरान सोने की खरीदारी के सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए, संरक्षक कल्याण ज्वैलर्स के संग्रह की शानदार रेंज से आभूषणों के शानदार डिजाइनों की खोज कर सकेंगे। लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, कल्याण ज्वैलर्स ने कई रोमांचक ऑफर की घोषणा की है, जिससे ग्राहकों को अपनी ज्वेलरी खरीद पर महत्वपूर्ण बचत का मौका मिलेगा।

### टाटा मोटर्स ने 'कस्टमर केयर महोत्सव' का उद्घाटन किया, यह कार्यक्रम कमर्शियल गाड़ियां खरीदने वाले ग्राहकों के लिए देशभर में चलाया जाएगा

**मुंबई:** भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहनों के निर्माता, टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्चू कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चर्चाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी। टाटा मोटर्स के एक्जीतक्यूेटिव डायरेक्टशर श्री गिरीश वाघ ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 एडिशन का उद्घाटन करते हुए कहा, हम इस साल कस्टमर केयर महोत्सव को दोबारा लाकर काफी उत्साहित हैं। इसकी शुरुआत 23 अक्टूबर से हो रही है। इस दिन का हमारे लिए खास महत्व है क्योंकि हमने 1954 में अपना इसी दिन पहला कमर्शियल वाहन बेचा था। अब हम इसे कस्टहमर केयर डे के रूप में मनाते हैं। यह महोत्सव उपभोक्ताओं को बेहतरीन सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की जाएगी और ग्राहकों को कई और लाभ भी मिलेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह महोत्सव हमारे सभी उपभोक्ताओं की जिंदगी में खुशियां बिखेरे, चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में रहते हों।

### ऊषा की मदद से छत्तीसगढ़ में बैंबू स्टिल्ट वॉक का आयोजन हुआ




**रायपुर,** इस पारंपरिक खेल में जिले और आसपास के गाँवों के युवा महिला और पुरुषों ने हिस्सा लिया गोरेला पेंड्रा मरवाही, 28 अक्टूबर, 2024: भारत के अग्रणी कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड, ऊषा इंटरनेशनल ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वीमैन, चाईल्ड एंड यूथ डेवलपमेंट (एनआईडब्लूसीवाईडी) तथा स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर, गौरेला पेंड्रा, मरवाही में बैंबू स्टिल्ट वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में श्री संजय शर्मा, चीफ एक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, जिला पंचायत-पेंड्रा; सुश्री इंदरनिया बाई, सरपंच ग्राम लालपुर, तथा श्री राम कुमार कुर्रे, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर मौजूद थे, जिन्होंने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने पुरस्कार वितरण करते हुए विजेताओं के कड़े परिश्रम और समर्पण के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने बाँस की गेढ़ी पर चढ़कर चलते हुए बहुत ही निपुणता के साथ 100 मीटर की दूरी तय की। इन स्टिल्ट पर जमीन से 30.48 सेमी. (1 फुट) की ऊँचाई पर एक फुटरेस्ट बनाया गया था, जिस पर चढ़कर विजेता चल रहे थे। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों और दर्शकों का उत्साह दर्शनीय था, जिसमें युवाओं पर ध्यान केंद्रित करके महिला और पुरुषों के बीच समानता के बारे में जागरुकता भी बढ़ाई गई। कार्यक्रम समापन के अवसर पर कोमल मेहरा, हेड ऑफ स्पोर्ट्स इनीशिएटिव्स एंड एसोसिएशंस, ऊषा इंटरनेशनल ने कहा, ''जमीनी स्तर पर जाकर महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता की जागरुकता बढ़ाना युवा और देश के भविष्य की प्रगति के लिए आवश्यक है और इस तरह के कार्यक्रम इस दिशा में परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैंबू स्टिल्ट वॉक युवाओं को साथ लाने, परंपराओं का जश्न मनाने और महिला एवं पुरुषों की समानता के बारे में जागरुकता बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर थी। यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और चुस्त एवं सेहतमंद जीवनशैली को बढ़ावा देने के ऊषा के सिद्धांत के अनुरूप है।

# गेंद के घूमने पर इंग्लैंड की टीम असमंजस में पड़ी: हुसैन



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पाकिस्तान में इंग्लैंड की 2-1 से टेस्ट सीरीज़ हार पर विचार करते हुए, पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम स्पिन और पकड़ी हुई गेंदों का सामना करते समय बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ी खोई हुई दिखी। रावलपिंडी में तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन, इंग्लैंड 112 रन पर आउट हो गया, क्योंकि पाकिस्तान ने आखिरकार 36 रनों का पीछा करते हुए नौ विकेट से मैच जीत लिया और 2021 के बाद से अपनी पहली घरेलू सीरीज़ जीत हासिल की। मुल्तान में सपाट पिच पर सीरीज़ का पहला मैच जीतने के बाद इंग्लैंड 1-0 से आगे था, लेकिन स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में अगले दो मैच हार गया। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि जब पिच सपाट होती है और वे लाइन के पार हिट कर सकते हैं, तो इंग्लैंड शानदार क्रिकेट खेलता है और अजेय हो सकता है। लेकिन जैसे ही पिच घूमती है और पकड़ती है, वे बल्ले और गेंद दोनों से थोड़े खोए हुए दिखते हैं। हुसैन ने रविवार को डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, पूरी तरह से अलग-अलग सतहों के बीच हमेशा एक विसंगति होगी, लेकिन उन्हें यह देखना चाहिए कि यह विसंगति इतनी बड़ी क्यों है। मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में यह केवल दूसरी श्रृंखला है जिसे उन्होंने खो दिया है और ये दोनों उपमहाद्वीप में थे। यह कहानी बताती है कि कुछ स्थितियों में, यह पक्ष थोड़ा कमजोर दिखता है। उन्होंने उन क्षेत्रों की ओर भी इशारा किया जहां इंग्लैंड के खिलाड़ी रावलपिंडी में अपने पाकिस्तानी समकक्षों से पीछे हैं। सऊद शकील ने निर्णायक टेस्ट में जो अच्छा किया, वह इंग्लैंड के बल्लेबाजों द्वारा गेंद को सीधे डिफेंड करना नहीं था, बल्कि इसे विकेट के चौकोर हिस्से पर रखना और नरम हाथों से खेलना था। इसकी तुलना जैक क्रॉली और ओली पोप से करें, जो सख्त हाथों से खेलते हैं, गेंद पर जाते हैं, जमीन पर मारने की कोशिश करते हैं और लंबाई नहीं पकड़ते। जैक लीच भी देख सकते हैं कि नोमान अली किस तरह से अपनी गति को बदलकर और उड़ान और चालाकी का उपयोग करके हवा में बल्लेबाजों को धोखा देते हैं। फिलहाल, वह एक ही गति से गेंद के बाद गेंद फेंकता है। शोएब बशीर को साजिद खान की निरंतरता पर ध्यान देने की जरूरत है। भले ही साजिद अपनी गति बदलते रहते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी खराब गेंद फेंकते हैं, जबकि बशीर को अभी भी अपने नियंत्रण में समस्या है, भले ही वे अभी भी अपना काम सीख रहे हों। हुसैन ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि अब समय आ गया है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज, खासकर पोप और क्रॉली, विभिन्न परिस्थितियों में बल्लेबाजी में निरंतरता दिखाएं। क्रॉली, पोप और स्टोक्स के रूप में इंग्लैंड के शीर्ष छह में से तीन ऐसे हैं जो टर्न होने पर थोड़े कमजोर दिखते हैं। न्यूजीलैंड दौरे के साथ मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड कोई बड़ा बदलाव करेगा। सामान्य तौर पर, वे सही लोगों को टीम में शामिल कर रहे हैं और अच्छा चयन कर रहे हैं। लेकिन मेरा मानना है कि क्रॉली और पोप जैसे जो खिलाड़ी अब टीम में लगातार बने हुए हैं, उन्हें कुछ सुधार दिखाने की जरूरत है।

## निवेशकों के लिए कठिन रहा बीता हफ्ता

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता मुश्किलों भरा रहा। बीएसई के सेंसेक्स और एनएसई के निफ्टी दोनों ही सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज की गई। प्रमुख सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स में क्रमशः 2.7 प्रतिशत और 2.2 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। आने वाले समय में घरेलू आर्थिक स्थितियां बाजार के पक्ष में दिख रही हैं। मार्केट विशेषज्ञों के अनुसार, हाल ही में जारी मजबूत क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) डेटा और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वित्त वर्ष 25 के लिए मजबूत आर्थिक वृद्धि पूर्वानुमान के साथ आंकड़े बड़े पैमाने पर बाजार के पक्ष में हैं। भारत के विनिर्माण उद्योग ने अक्टूबर में वृद्धि की गति फिर से हासिल कर ली है और इस तेजी को फैक्ट्री उत्पादन और सेवा गतिविधियों में तेज वृद्धि से समर्थन मिला है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा नवीनतम एचएसबीसी 'फ्लैश' पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की निजी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था ने अक्टूबर में मजबूत वृद्धि जारी रखी। बीता हफ्ता निवेशकों और व्यापारियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, क्योंकि बाजार में व्यापक स्तर पर बिकवाली देखी गई। निफ्टी 2.65 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 24,200 से नीचे बंद हुआ। एंजेल वन के इक्विटी तकनीकी विश्लेषक राजेश भोसले ने कहा, अक्टूबर खास तौर पर मुश्किल रहा है, अब तक बेंचमार्क में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। सबसे ज्यादा नुकसान व्यक्तिगत शेयरों को हुआ है, खास तौर पर मिड-कैप सेगमेंट को, जिसमें पिछले कुछ हफ्तों में भारी गिरावट आई है। बीते हफ्ते का फोकस मिड-कैप में भारी गिरावट पर रहा है, लेकिन त्योहारी सीजन के साथ कुछ चुनिंदा सकारात्मक रुझान सामने आने की उम्मीद कर सकते हैं। विशेषज्ञों की सलाह है कि लंबी अवधि के नजरिए वाले निवेशक इन स्तरों से गुणवत्ता वाले शेयरों की खरीद पर विचार कर सकते हैं। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव और एफआईआई की भारी बिकवाली के कारण निवेशकों की निराशा के कारण भी धारणा प्रभावित हुई। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि एफआईआई की ओर से लगातार बिकवाली और घरेलू बाजार में सकारात्मक संकेतों की कमी से बाजार की निकट अवधि की धारणा प्रभावित हो सकती है।

## रोहित-विराट जैसे सीनियर्स की भी दीवाली छुट्टी कैंसिल!

### हार पचा नहीं पा रहा भारतीय मैनेजमेंट



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया हार गई है. अब सीरीज का तीसरा व आखिरी मैच 1 नवंबर से खेला जाने वाला है. इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर सामने आ रही है कि टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट काफी स्ट्रिक्ट हो गया है और 30-31 अक्टूबर को प्रैक्टिस सेशन अटैंड करना सभी के लिए कंपलसरी कर दिया गया है. ऐसे में दीवाली पर रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित पूरी टीम प्रैक्टिस करेगी, किसी को भी आराम नहीं दिया जाएगा. भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर को शुरू होगा. मगर, इससे पहले 2 दिन टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन होंगे, जिसमें मैनेजमेंट का मैसेज क्लीयर है कि सभी को इसमें शामिल होना जरूरी है. बताया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित किसी भी खिलाड़ी को ट्रेनिंग सेशन मिस करने की इजाजत नहीं है. यानी किसी भी खिलाड़ी को दीवाली के दिन भी आराम नहीं मिलने वाला है.

## दिवाली स्पेशल: कलर्स के कलाकारों ने अपनी दिवाली की यादों और उत्सव के बारे में बात की

**मुंबई।** कलर्स के 'मेरा बलम थानेदार' में वीर की भूमिका निभा रहे शगुन पांडे ने कहा, यह दिवाली मेरे लिए थोड़ी अलग होगी, क्योंकि मैं मेरा बलम थानेदार की शूटिंग के कारण अपने परिवार से दूर रहूंगा। बचपन में, दिवाली का पूरी तरह से मतलब होता था परिवार, मेरी बहन के साथ घर को सजाना, मेरे पिता के साथ दीये जलाना, और घर में बनी ढेर सारी मिठाइयां खाना। मेरी बहन और मेरे बीच हमेशा इस बात को लेकर दोस्ताना प्रतिस्पर्धा होती थी कि कौन सबसे अच्छी रंगोली बना सकता है, और इस साल मुझे वाकई इसकी याद आएगी। लेकिन यह दिवाली भी खास है क्योंकि शो में मेरे किरदार को आखिरकार अपनी वर्दी वापस मिल जाएगी, जिससे यह सेट पर गर्व और जश्न का पल बन जाएगा। भले ही मैं अपने परिवार के साथ नहीं हूं, लेकिन मैं ऑन-स्क्रीन और ऑफ़-स्क्रीन अपना पसंदीदा त्योहार मनाऊंगा। सभी को आनंदमय, शुभ, और पर्यावरण के प्रति जागरूक दिवाली की शुभकामनाएं! कलर्स के शो 'सुमन इंदौरी' में सुमन की भूमिका निभा रही अश्नूर कौर कहती हैं, दिवाली हमेशा सकारात्मकता, उत्साह और खुशी की भावना लेकर आती है! इस साल, चूंकि मैं अपने शो सुमन इंदौरी की शूटिंग कर रही हूं, इसलिए मैं अपने नए ऑनस्क्रीन परिवार के साथ जश्न मनाने और नई यादें बनाने के लिए रोमांचित हूं। मेरे लिए, दिवाली का मतलब उन लोगों के साथ समय बिताना है जिन्हें आप सबसे ज्यादा प्यार करते हैं। यह दिवाली तो और भी खास है, क्योंकि मैं अपने नए घर में अपनी पहली दिवाली मनाऊंगी... हम घर को दीयों से सजाएंगे, मिठाइयों का लुत्फउठाएंगे, और उत्सव के माहौल में खो जाएंगे। मैंने बचपन में ही पटाखे फोड़ना बंद कर दिया था, इसलिए मैं प्यार और रोशनी के साथ ही पर्यावरण-अनुकूल तरीके से इस त्योहार का जश्न मनाऊंगी! सभी को उत्साह और खुशियों से भरी दिवाली की शुभकामनाएं! कलर्स के 'दुर्गा' में दुर्गा की भूमिका निभा रही प्रणाली राठौड़ ने कहा, दिवाली की मेरे दिल में खास जगह है, ऑनस्क्रीन भी और ऑफ़स्क्रीन भी। 'दुर्गा' में दिवाली सीक्वेंस की शूटिंग करने का अनुभव वाकई सार्थक रहा है, क्योंकि हम कुछ अनोखा और अलग प्रस्तुत करने वाले हैं जो हर आगामी एपिसोड में दर्शकों को हैरान कर देगा। मेरे लिए, दिवाली रोशनी, प्यार और हंसी का प्रतीक है। मैं अपने सभी फैंस को एक शानदार दिवाली की शुभकामनाएं देती हूं, जो खुशी, आनंद और प्रियजनों के साथ अनमोल पलों से भरी हो। मेरी कामना है कि यह त्योहार आपके दिलों और घरों को रोशन करे। 'दुर्गा' देखते रहें और इस खूबसूरत त्योहार पर आधारित आगामी कहानी का आनंद लें। कलर्स के 'परिणीति' में राजीव की भूमिका निभा रहे अंकुर वर्मा कहते हैं, 卐जब मैं दिवाली के बारे में सोचता हूं, तो मेरे दिमाग में सबसे पहले मिठाइयां आती हैं! बचपन में, मेरी मां सबसे अच्छी मिठाइयां बनाती थीं और अब भी, मैं फिटनेस की चिंता किए बिना, उनका लुत्फउठाता हूं। मैं दिवाली के दौरान कभी भी अपने परिवार से दूर नहीं रहा हूं।

## ऑगर-अलियासिमे पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से हटे



**पेरिस( एजेंसी )।** कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लेने की घोषणा की है। ऑगर-अलियासिमे को पहले दौर में बेन शेल्टन से खेलना था, जिसमें विजेता को दूसरे दौर में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से भिड़ना था। ऑगर-अलियासिमे ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने पेरिस में खेलने के लिए खुद को फिट रखने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्य से इस साल ऐसा नहीं हो सका। बेसल के दौरान मेरी पीठ में कुछ दर्द होने के बाद, मैंने कुछ परीक्षण कराए और अभ्यास करने का प्रयास किया, इससे पहले कि मैं यह निष्कर्ष निकालूं कि मैं पेरिस में उस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हो पाऊंगा, जिसकी मुझे उम्मीद थी। यह कहने के बाद, यह सीज़न का एक कड़वा-मीठा अंत है और मैं 2025 में एक मजबूत शुरुआत के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से ठीक होने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने जा रहा हूं। हम चलते रहेंगे। इस सप्ताह, ऑगर-अलियासिमे स्विस इंडोर्स के दूसरे दौर में एमपेट्शी पेरीकार्ड से हार गए, जिससे उनका लगातार तीसरा स्विस इंडोर्स खिताब जीतने का प्रयास समाप्त हो गया। वे वर्तमान में 31-24 के रिकॉर्ड के साथ एटीपी वर्ल्ड नंबर 19 हैं और इस साल कोई एकल खिताब नहीं जीत पाए हैं।

## कामधेनू लिमिटेड छत्तीसगढ़ में अपनी ब्रांडेड कलर कोटेड शीट्स की विनिर्माण क्षमता को 50 प्रतिशत और मजबूत करेगा

**रायपुर।** कामधेनू लिमिटेड, ब्रांडेड टीएमटी बार के खुदरा बाजार में भारत के सबसे बड़े निर्माता और विक्रेता ने छत्तीसगढ़ में अपने ब्रांड 'कामधेनु कलर मैक्स शीट और कामधेनु श्रेष्ठ की बाजार हिस्सेदारी और उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए आज उनकी विनिर्माण क्षमता में 50 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की। नई रणनीति हाल के दिनों में राज्य में प्राप्त उत्पादों की बढ़ी मांग के अनुरूप विकसित की गई है। कामधेनु लिमिटेड का इरादा इस मांग को पूरा करने और एक वर्ष में क्षमता को 4000 MT से 6000 MT तक बढ़ाने का है। कंपनी की योजनाओं के बारे में कामधेनू लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा, आज, कामधेनु कत्लर कोटेड और जी सी शीटस शीट्स का उपयोग कई सरकारी और गैर-सरकारी परियोजनाओं में किया जा रहा है। राज्य में लगातार बढ़ते आवास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के कारण हमारे उत्पादों की मांग भी बढ़ी है, इसे देखते हुए, हम अपनी उच्च गुणवत्ता वाली कलर कोटेड शीट की उत्पादन क्षमता में इजाफा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के समकक्ष कामधेनू कलर मैक्स और जी सी शीटस शीट्स रिहाइशी और औद्योगिक परियोजनाओं में रूफिंग व क्लैडिंग के लिए खूबसूरत समाधान पेश कर रही है। ये शीट इंस्टॉल करने में आसान हैं और इसके इस्तेमाल से किसी भी प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में तेज़ी आती है। ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक कस्टमाइज़ेशन सुनिश्चित करने के लिए कामधेनू कलर मैक्स रेंज संबंधित उत्पाद भी मुहैया कराती है जैसे रेन वाटर सिस्टम, रेन गटर, क्रिम्पिंग कर्व, सैल्फड्रिलिंग स्क्रू आदि। कामधेनू कलर मैक्स और कामधेनु श्रेष्ठ प्रि-पेन्टेड प्रॉडक्टस है जो चयन हेतु आकर्षक रंगों की विस्तृत रेंज पेश करता है। हाई क्वालिटी स्टील अलॉय की अनेक परतों पर एक खास कोटिंग इन प्रोडक्ट्स को सक्षम बनाती है की वह क्रैकिंग व पीलिंग, चरम मौसम व भारी निर्माण के दौरान प्रतिरोध कर सके। यह न सिर्फ शीट को पूरी तरह जंग से मुक्त एवं वाटरप्रूफ बनाता है बल्कि अंदरूनी हिस्से को गर्मियों में शीतल तथा सर्दियों में गर्माहट भरा बनाए रखता है। यह ईको-फ्रेंडली उत्पाद इमारत के कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम कर के ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर भी खरा उतरता है।

## एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल अरेस्ट धोखेबाजी के खिलाफ नागरिकों को सावधान करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

**मुंबई:** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की सलाह जारी की है, जिसका उद्देश्य इस तरह की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड में, धोखेबाज कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करते हुए व्यक्तियों या व्यवसायों को निशाना बनाते हैं। पीड़ितों को कथित कर चोरी, विनियामक उल्लंघन या वित्तीय कदाचार के लिए डिजिटल गिरफ्तारी वारंट की धमकी दी जाती है। धोखेबाज डिजिटल अरेस्ट वारंट को वापस लेने के लिए निपटान शुल्क या जुर्माना के रूप में भुगतान मांगते हैं। भुगतान हो जाने के बाद, धोखेबाज अपनी पहचान का कोई निशान छोड़े बिना गायब हो जाते हैं। धोखेबाजों के साथ साझा की गई व्यक्तिगत जानकारी के कारण पीड़ितों को आर्थिक नुकसान और कभी-कभी पहचान की चोरी का सामना करना पड़ता है। एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष - क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल, श्री मनीष अग्रवाल ने इस धोखाधड़ी पर चेतावनी देते हुए कहा, धोखाधड़ी करने वाले सीधे ग्राहकों की भावनाओं को निशाना बना रहे हैं। जब भी किसी को कानून प्रवर्तन अधिकारी होने का दावा करने वाले धोखेबाजों से कॉल या संदेश प्राप्त होता है, तो हमेशा उचित चैनल के माध्यम से सरकार / कानून प्रवर्तन अधिकारियों से स्वतंत्र रूप से संपर्क करके उनकी पहचान की पुष्टि करें। सतर्क रहना और इस तरह की धोखाधड़ी की प्रथाओं के बारे में जागरूक रहना ऐसे घोटालों का शिकार होने से बचने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।





























प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354